तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

हरिभूमि
# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 8 अक्टूबर 2025
अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

4 बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीण रेड़िया नदी का गंदा पानी पीने मजबूर



आसरा इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग
जरहाडीह, रघुनाथपुर सरगुजा छ.ग.
मों. 9826156669, 7000288169
B.S.C. नर्सिंग
(4 वर्षीय कोर्स)
G.N.M. (3 वर्षीय कोर्स)
स्कॉलरशीप-शासन के नियमानुसार
पता - CTO चांदनी चौक, इण्डेन गैस गोदाम के पास, खैरबार रोड, मायापुर अंबिकापुर

# मिस्टर मिंट क्रिप्टो घोटाला मामले में बलविंदर सिंह छाबड़ा गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

मिस्टर मिंट क्रिप्टो घोटाला मामले में महाराष्ट्र पुलिस ने शहर से कंपनी के डायरेक्टर में से एक बलविंदर सिंह छाबड़ा उर्फ बल्ली को गिरफ्तार किया है। मुम्बई पुलिस ने सोमवार की शाम ही बलविंदर सिंह छाबड़ा को हिरासत में लिया था। मंगलवार को उसे सीजेएम कोर्ट में पेश किया गया जहां से ट्रांजिट रिमांड लेकर पुलिस मुम्बई ले गई। यह पूरा मामला निवेशकों के अरबों रुपए की ठगी और मनी लांड्रिंग से जुड़ा हुआ है।

बताया जा रहा है कि मिस्टर मिंट क्रिप्टो करेंसी के माध्यम से देशभर के लोगों के रुपए निवेश कराए गए थे। आरोप है कि मिस्टर मिंट ने फर्जी एक्सचेंज बनाए, क्रिकेटर व अन्य बड़े खिलाड़ियों को धोखे में रखकर अपने कार्यक्रमों में शामिल कर लोगों का भरोसा जीता और फिर लोगों को झांसे में लेकर फर्जी क्रिप्टो करेंसी टोकन और कृत्रिम एक्सचेंज बनाए। इस दौरान कंपनी ने सेबी, आरबीआई जैसे नियामक संस्थानों के नाम से फर्जी दस्तावेज दिखाकर कारोबार किया। इतना ही नहीं मिस्टर मिंट ने निवेशकों के पैसों को डॉलर में तब्दील कर विदेशों में भेज दिया। इस ठगी और मनी लांड्रिंग के मामले में निवेशकों की शिकायत पर मुम्बई में भी अपराध दर्ज किए गए है। कंपनी ने पिछले कुछ वर्षों में निवेशकों के अरबों रुपए का घोटाला किया है। इसी मामले की शिकायत के बाद मुम्बई और रायपुर की पुलिस संयुक्त रूप से इस मामले की जांच कर रही थी और पूर्व में रायपुर के बेबीलोन होटल में आयोजित कंपनी के एक सेमीनार के दौरान दो डायरेक्टर प्रमोद साहू और राहुल भदोरिया को छापा मारकर पकड़ा था। इसके साथ ही मिस्टर मिंट क्रिप्टो कंपनी में डायरेक्टर अमरदीप सिंह, संदीप गुप्ता व बलविंदर सिंह छाबड़ा की तलाश की जा रही थी।

### मुंबई पुलिस ने सरगुजा में आकर की कार्रवाई, लिया ट्रांजिट रिमांड पर, निवेशकों से अरोबों रुपए की ठगी का मामला

#### जन्मदिन पार्टी में लाइव जाने के बाद पहुंची पुलिस

बताया जा रहा है कि मिस्टर मिंट क्रिप्टो घोटाला मामले में बलविंदर सिंह छाबड़ा की मुम्बई पुलिस तलाश कर रही थी। इस दौरान कुछ दिनों पूर्व बलविंदर सिंह एक जन्म दिन समारोह में सोशल मीडिया पर लाइव आए थे और इसके बाद ही मुंबई पुलिस सरगुजा पहुंची थी। बताया जा रहा है कि 6 अक्टूबर को ही मुम्बई के कोलीवाडा की पुलिस शहर में आ गई थी और बलविंदर सिंह छाबड़ा उर्फ बल्ली के घर में छापा मारकर हिरासत में लिया था। इस दौरान मुंबई पुलिस की टीम से असिस्टेंट पुलिस इंस्पेक्टर गणेश आर जाधव ने कोतवाली पुलिस की मदद से बलविंदर सिंह छाबड़ा को बीएनएस की धारा 316(2), 316(5), 318(4), 351(3), 352, 3(5) एवं 3, 4 महाराष्ट्र प्रोटेक्शन ऑफ इंटरेस्ट ऑफ डिपॉजिट एक्ट 1999 के तहत सीजेएम कोर्ट में पेश किया और फिर मंगलवार को ट्रांजिट रिमांड पर अपने साथ मुम्बई ले गई।



#### किया गया है गिरफ्तार

मुम्बई पुलिस सरगुजा पहुंची थी। पुलिस टीम ने बलविंदर सिंह छाबड़ा को गिरफ्तार किया है और ट्रांजिट रिमांड पर लेकर मुंबई गई है।
-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी सरगुजा

## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर 10 को

**अम्बिकापुर।** जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन 10 अक्टूबर को जनपद पंचायत अंबिकापुर के ग्राम पंचायत करजी में प्रातः 10 बजे से आयोजित किया गया है। जनपद पंचायत मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा सर्व सरपंच एवं सचिवों को शिविर का व्यापक प्रचार-प्रसार कराने तथा कोटवार से मुनादी कराने कहा है ताकि अधिक से अधिक ग्रामीण अपनी समस्याओं के निराकरण हेतु शिविर में उपस्थित होकर अपने समस्याओं का निराकरण करा सके।

### नर्सिंग होम एक्ट के तहत मेडिकल स्टोर व लैब सील

**बलरामपुर।** कलेक्टर राजेन्द्र कटारा के निर्देशन में जिले में अवैध रूप से संचालित क्लिनिक, पैथोलैब, नर्सिंग होम एवं मेडिकल स्टोर में उपचार करने वालों झोला छाप डॉक्टरों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के नेतृत्व में जिला मुख्यालय बलरामपुर में निरीक्षण कर अवैध रूप से उपचार करने वाले संस्थाओं पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम द्वारा नगरपालिका क्षेत्रान्तर्गत सृष्टि मेडिकल स्टोर एवं नीलम हाईटेक डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सृष्टि मेडिकल स्टोर के संचालक द्वारा मेडिकल स्टोर में अवैध रूप से उपचार करना एवं बगैर फार्मासिस्ट के दवाओं का विक्रय करना पाया गया। इसी प्रकार नीलम हाई टेक डायग्नोस्टिक कलेक्शन सेंटर में रक्त परीक्षण एवं मरीजों को सुई लगाना व बच्चों को भाप देना पाया गया जो छत्तीसगढ़ राज्य उपचर्यागृह तथा रोगोपचार संबंधी स्थापनाएं अनुज्ञापन अधिनियम 2013 का उल्लंघन है, जिसके तहत संयुक्त टीम द्वारा कार्यवाही करते हुए उक्त दोनों संस्था को सीलबंद कर दिया गया है।

### देशी कट्टा के साथ दो गिरफ्तार फायरिंग कर फैला रहे थे दहशत

**अंबिकापुर।** जंगल में देशी कट्टा से फायरिंग कर दहशत फैलाने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। सनावल पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम डूमरपान करवनिया जंगल के समीप आनंद गौतम और मंसूर खान कट्टा लहराते हुए लोगों को धमका रहे है और फायरिंग की है। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल के लिए रवाना हुई। इस दौरान यह बात सामने आई कि आनंद गौतम ने फायरिंग कि और फिर अपने यूपी अपने ससुराल की ओर भाग रहा है। पुलिस ने यूपी के म्योरपुर में जाकर घेराबंदी की और आरोपी सनावल डूमरपार निवासी आनंद गौतम व कुर्लूडीह निवासी मंसूर खान को हिरासत में लेकर उनके पास से देशी कट्टा बरामद किया हा। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 25, 27,28 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर उन्हें जेल भेज दिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी सनावल गजपति मिर्रे, आरक्षक प्रेमलाल कुजूर, कृष्णा मरकाम आदि सक्रिय रहे।





### बिना पीएम के ही भेजा वापस, नहीं मिला शव वाहन

# 24 घंटे इंतजार के बाद मिली एंबुलेंस लेकिन रायपुर पहुंचने से पहले युवक ने तोड़ा दम

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल गुड्डू कोरवा ने आखिरकार रायपुर पहुंचने से पहले ही दम तोड़ दिया। पहाड़ी कोरवा युवक को रायपुर में चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। बड़ी विडंबना यह है कि पहले सिर में लगी गंभीर चोट के कारण तड़पते युवक एंबुलेंस के लिए 24 घंटे से अधिक इन्तजार करना पड़ा वहीं युवक की मौत के बाद उसे वापस घर लाने के लिए शव वाहन तक उपलब्ध नहीं हुआ। सड़क दुर्घटना का मामला होने के बाद भी बिना पीएम किए ही रायपुर से वापस कर दिया गया। इधर शव वाहन नहीं मिलने पर गरीब परिजन 9 हजार रुपए में निजी वाहन से शव लेकर वापस लौटे। इस घटना के बाद आक्रोशित परिजन ने मेडिकल कॉलेज अस्पताल में शव रखकर प्रदर्शन किया ग्रामीणों के इस प्रदर्शन को जिला कांग्रेस कमेटी ने भी समर्थन दिया। कांग्रेस ने मृतक के परिजन को मुआवजा देने के साथ ही दोषियों के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की।

**खास बातें**
- निजी वाहन से 9 हजार खर्ज कर वापस लौटे पहाड़ी कोरवा ग्रामीण
- शव रखकर किया प्रदर्शन

बता दें कि राजपुर विकासखंड के ककना मदेश्वरपुर निवासी 34 वर्षीय गुड्डु पहाड़ी कोरवा आ. छेखू पहाड़ी कोरवा को सड़क दुर्घटना में घायल होने पर 4 अक्टूबर को उपचार के लिए मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया था। पहाड़ी कोरवा युवक की हालत गंभीर होने पर उसे एक दिन अस्पताल में स्टेबल करने के बाद 5 अक्टूबर की दोपहर 3 बजे रिफर कर दिया गया था लेकिन उसके बाद युवक को रायपुर जाने के लिए एंबुलेंस उपलब्ध नहीं कराया गया। युवक अस्पताल के आईसीयू में वेंटीलेटर पर तड़पता रहा और परिजन अधिकारियों जनप्रतिनिधियों के सामने गुहार लगाते रहे है। 24-25 घंटे तक अस्पताल में तड़पते रहने के बाद वेंटीलेटर वाला एंबुलेंस उपलब्ध कराया गया जिसके बाद परिजन युवक को लेकर रायपुर के लिए रवाना हुए लेकिन रायपुर पहुंचने से पहले ही युवक की मौत हो गई। रायपुर डीकेएस अस्पताल में चिकित्सक ने पहाड़ी कोरवा गुड्डू को मृत घोषित कर दिया।



शव रख कर प्रदर्शन करते परिजन व कांग्रेसी।

#### मरने के बाद नहीं मिली मुक्तांजलि

बड़ी बात यह है कि पहले एंबुलेंस के लिए युवक 24 घंटे से अधिक समय तक तड़पते रहा। मृतक के परिजन बजरू कोरवा का कहना है कि रायपुर डीकेएस अस्पताल में पहुंचने पर मरीज को भर्ती नहीं किया गया और वापस भेज दिया गया। मृतक के साथ गए युवक बृजेश मिश्रा ने बताया कि युवक की मौत के बाद रायपुर से भी उन्हें मुक्तांजलि वाहन उपलब्ध नहीं कराई गई। गरीब पहाड़ी कोरवा परिवार अपने 9 हजार रुपए लगाकर निजी वाहन से अंबिकापुर वापस लौटा।

#### शव रखकर किया गया प्रदर्शन

रायपुर से वापस लौटने के बाद मृतक के परिजन सीधे शव लेकर मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचे और पुलिस सहायता केंद्र के बाहर शव रखकर प्रदर्शन शुरू कर दिया। इस घटना की सूचना मिलने के बाद जिला कांग्रेस अध्यक्ष बालकृष्ण पाठक के नेतृत्व में कांग्रेस की टीम भी मौके पर पहुंची और प्रबंधन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। इस दौरान मृतक के परिजन ने बताया कि 4 अक्टूबर को युवक राज्यपाल के आगमन के पूर्व गड्ढों को भरने के लिए गिराए गये मुरुम के ढेर में गिर गया था और गंभीर रूप से घायल हो गया था। गंभीर रूप से घायल युवक के परिजन लगातार उसे रायपुर भेजने के लिए एंबुलेंस की मांग अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से करते रहे लेकिन यह कह कर टाल दिया गया कि एंबुलेंस अभी राज्यपाल के प्रोटोकॉल में व्यस्त है। कांग्रेस जिलाध्यक्ष बाल कृष्ण पाठक व मृतक के परिजन ने मांग की है कि मृतक के परिजन को मुआवजा दिया जाए और इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर दोषियों पर कार्रवाई हो। उन्होंने प्रदर्शन उपरान्त एसडीएम फागेश सिन्हा को ज्ञापन सौंपा। अब इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरांत परिजन के सुपुर्द कर दिया है।

#### स्टेबल करने के बाद भेजा गया

सड़क दुर्घटना में घायल पहाड़ी कोरवा युवक को अस्पताल में भर्ती किया गया था। प्राथमिक उपचार के बाद उसे उसे रिफर किया गया था और रिफर करने से पहले मरीज को स्टेबलाइज किया गया था। अस्पताल में सिर्फ एक वेंटीलेटर युक्त एंबुलेंस है जो राज्यपाल प्रोटोकॉल में लगी थी एंबुलेंस आने के बाद मरीज को तत्काल रायपुर भेजा गया।
-डॉ. आरसी आर्या, अधीक्षक

#### की जाएगी जांच

एक व्यक्ति को घायल अवस्था में अस्पताल लाया गया था। परिजन का आरोप है कि गंभीर स्थिति में रिफर होने के बाद भी एंबुलेंस नहीं मिला। समय पर एंबुलेंस नहीं मिलने से रायपुर जाते समय रास्ते में मौत हो गई और फिर रायपुर से बिना पीएम के भेज दिया गया। परिजन ने लापरवाही का आरोप लगाते हुए कार्रवाई और मुआवजा की मांग की है। मुआवजा के लिए प्रकरण बलरामपुर भेजा जाएगा। इसके साथ ही आरोपों की जांच की जाएगी।
-फागेश सिन्हा, एसडीएम





# कोचिंग जा रहे छात्र का बाइक समेत किया गया अपहरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

कोचिंग पढ़ने गए 10वीं के छात्र के अपहरण का मामला सामने आया है। अपहरणकर्ता नाबालिक को उसकी बाइक समेत पकड़कर लोजिस्टिक वैन में भरकर भाग निकले। हालांकि अपहरणकर्ताओं ने बच्चे को जशपुर जिले के बागबहार जंगल में लेजाकर छोड़ दिया और बाइक लेकर भाग निकले। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना के बाद छात्र ने फोन कर परिजन को जानकारी दी जिसके बाद परिजन उसे घर लेकर आए। इस मामले में पुलिस ने अपराध दर्ज किया है इसके साथ ही घटना की जांच की जा रही है। इस दौरान सीसीटीवी में एक वैन नजर आई और वर्तमान में वैन के उड़ीसा में होने की बात कही जा रही है।

- बागबहार जंगल में लेजाकर छोड़ा, बाइक लेकर भाग, सीसीटीवी में कैद हुआ अपहरण कर्ताओं का वाहन

बताया जा रहा है कि नगर के वार्ड क्रमांक 2 आदर्शनगर निवासी नीरज कुमार पाल आ. संजय कुमार पाल कक्षा 10वीं का छात्र है। 6 अक्टूबर की सुबह 7.30 बजे छात्र अपनी बाइक क्रमांक सीजी 15 डीबी 8621 से ट्यूशन पढने के लिए शिक्षक कालोनी जा रहा था। इस दौरान जब वह कॉलोनी की ओर जाने वाली सड़क पर पहुंचा तो सामने एक चार पहिया लोजिस्टिक वाहन क्रमांक एमएच 43 सीई 7224 खड़ा था। इस वाहन से 6 लोग नीचे उतरे और छात्र की बाइक छीनने लगे। छात्र ने अपनी बाइक देने से इनकार करते हुए लुटेरों से संघर्ष शुरू कर दिया जिसके बाद अपराधी युवक को बाइक समेत वाहन में डाल दिया और दरवाजा बंद कर भाग निकले।

#### जंगल में छोड़कर भागे

अपहरण के बाद सुबह 11 बजे छात्र नीरज पाल ने अनजान नम्बर से अपने परिजन को फोन किया और बताया कि कुछ लोगों ने बाइक समेत मेरा अपहरण कर लिया है और जशपुर जिले के बागबहरा चिकनी पानी जंगल में छोड़कर भाग गए। अपहरणकर्ता अपने साथ बाइक भी ले गए है। इस घटना के बाद परिजन में कोहराम मच गया। आनन फानन में परिजन ने पुलिस से संपर्क किया और फिर बच्चे को लेने के लिए रवाना हुए। परिजन बच्चे को लेकर वापस लौटे जिसके बाद उन्होंने घटना की शिकायत पुलिस से की है। संभावना जताई जा रही है कि अपहरण करने वालों का मकसद बाइक लूटना ही था लेकिन जब छात्र ने संघर्ष किया तो उसका भी अपहरण कर लिया। पुलिस ने मामले में बीएनएस की धारा 137(2), 310(2) के तहत अपराध दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि अपहरण करने वाली वाहन सीसीटीवी में कैद हुई है और वर्तमान में वाहन के उड़ीसा के तरफ होने की बात कही जा रही है।

#### चल रही है जांच

घटना की शिकायत मिली है। इस मामले में छात्र व परिजन की शिकायत पर अपराध दर्ज किया गया है और मामले की जांच चल रही है।
-अमोलक सिंह ढिल्लो, एएसपी

# घने कोहरे ने रफ्तार पर लगाया ब्रेक, कम हुई दृश्यता

**अम्बिकापुर।** मंगलवार को सुबह घना कोहरा छाने के कारण वाहन चालकों को विपरीत स्थितियों का सामना करना पड़ा। धूप निकलने पर सुबह 6.45 बजे कोहरा साफ होने पर आवागमन सुचारू हुआ।

अभी मानसून की वापसी नहीं हुई है न ही ठंड पड़ रही है। बारिश के कारण कभी तापमान में गिरावट हो रही है वहीं धूप निकलने पर उमस बढ़ जा रही है। पिछले दिनों हुई लगातार बारिश के कारण बीच-बीच में बादल छा रहे हैं तथा कहीं-कहीं छिटपुट वर्षा भी हो रही है। सोमवार को आसमान पर पूरे दिन बादल छाए रहे वहीं मंगलवार को तड़के घना कोहरा छा गया। कोहरे का घनत्व इतना अधिक था कि पास की वस्तुएं भी नहीं दिख रही थी। दृश्यता कम होने के कारण लम्बी दूरी से आने वाली यात्री बसों को परेशानी का सामना करना पड़ा। यात्री बसों ने कम रफ्तार में दूरी तय की तथा काफी विलंब से पहुंची। सुबह घूमने वाले लोगों को भी परेशानी का सामना करना पड़ा। मौसम अधिकारी के अनुसार वातावरण में नमी की अधिकता एवं तापांतर होने के कारण कोहरा का प्रभाव देखने को मिला।



### खदान प्रभावित भूमि स्वामियों के मुआवजा के हेतु बैठक 10 को

**अम्बिकापुर।** एसडीएम उदयपुर ने बताया कि तहसील लखनपुर के ग्राम डांड़केसरा में डांडकेसरा बाक्साईट खदान रकबा 44.718 हेक्टेयर प्रस्तावित है। प्रभावित भूमि स्वामियों का फसल क्षति मुआवजा राशि का निर्धारण करने हेतु 10 अक्टूबर को ग्राम पंचायत भवन डांडकेसरा में बैठक आयोजित की गई है।

### तेजस्वीनी क्षत्रिय महिला समिति के कार्यक्रम में हुई शामिल

# सार्वजनिक कार्यक्रमों से डरने लगी हूं, क्या दूंगी जवाब : महापौर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में एक मंच को संबोधित करते हुए महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि मै अब किसी भी सार्वजनिक कार्यक्रमों में जाने से डरने लगी हूं। लगने लगा है मैं लोगों को क्या जवाब दूंगी। मेरा डरना भी स्वाभाविक ही है। लगातार बारिश ने शहर की सड़कों को निगल लिया है। मैं चाहकर भी इस बारिश में शहर के जर्जर सड़कों के लिए कुछ नहीं कर पा रही हूं। मन में संकोच है कोई पूछ लेगा तो मैं क्या जवाब दूंगी। बेहद सहज स्वभाव की महापौर मंजूषा भगत के इस बयान में उनकी सरलता की शहर में चर्चा है। महापौर भगत दशहरे के अवसर पर तेजस्वीनी क्षत्रिय महिला समिति के कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रही थी। उन्होंने कहा कि मैं इस शहर की प्रथम नागरिक हूं इस नाते हर समाज हर वर्ग की महिलाएं मेरी बहन है, मां है, बेटी है। श्रीमती भगत ने तेजस्वीनी महिला समिति द्वारा समाज में किए जा रहे कार्यक्रमों की सराहना करते हुए कहा कि संगठन महिलाओं की एकता एवं सक्रियता का उदाहरण है। महापौर ने कहा कि मेरा वादा है अगले माह से शहर की हर सड़क नए सिरे से बननी शुरू हो जाएगी। दशहरा मिलन समारोह के इस कार्यक्रम में महिलाओं ने सामाजिक कार्यों को साझा किया। मधुर गीतों एवं डांडिया नृत्य की भी प्रस्तुति की गई। कार्यक्रम में पत्रकारों को भी सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम में समिति की ओर से बताया गया कि समिति द्वारा नए बस स्टैण्ड के समीप महारानी लक्ष्मी बाई की प्रतिमा स्थापित करने एवं नामकरण करने की मांग की गई थी जिसको महापौर परिषद की बैठक में स्वीकृति मिल गई है। कार्यक्रम का संचालन डॉ पूर्णिमा सिंह एवं श्रीमती इंदू सिंह ने किया। इस अवसर पर समिति की अध्यक्ष लतिका सिंह, अर्चना सिंह, कोषाध्यक्ष नीरजा सिंह, इंदु सिंह, वंदना सिंह तोमर, सरिता सिंह, उर्मिला सिंह, आशा सिंह राणा सहित अन्य पदाधिकारियों ने उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया।

# बच्चे को मार रही थी महिला इसलिए की पत्नी की हत्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

पत्नी की हत्या के मामले में पुलिस ने आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। छोटे बच्चे को मारने से नाराज होकर युवक ने पत्नी की गला दबाकर हत्या कर दी। आरोपी पहले तो पुलिस को गुमराह करते रहा लेकिन बाद में अपना जुर्म कबूल कर लिया।

- गला दबाकर उताकर मौत के घाट, आरोपी गिरफ्तार

बता दें कि बलरामपुर जिले के ग्राम चलगली निवासी 30 वर्षीया शीला सोनहा का विवाह वर्ष 2015 में गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम डिगमा निवासी उमाशंकर सोनहा से हुआ था। शीला और उमाशंकर के दो बच्चे है। दम्पति लम्बे समय से अपने परिवार से अलग रहते थे और अक्सर शराब के नशे में धुत रहते थे। महिला के दोनों बच्चों का लालन पालन उसकी दादी करती है। शराब के नशे में दोनों के बीच आए दिन विवाद होता रहता था। इस दौरान 4 अक्टूबर की शाम महिला की अज्ञात कारणों से मौत हो गई थी। महिला की मौत के बाद उसके पति पर ही डंडे से गला दबाकर हत्या किए जाने की बात कही जा रही थी लेकिन आरोपी हत्या की बात से इनकार कर रहा था। ऐसे में पुलिस ने जब आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल क्र लिया। आरोपी ने पुलिस को बताया कि 4 अक्टूबर को महिला शीला सोन्हा अपने छोटे बच्चे को मार रही थी। इसी बात से आवेश में आकर उमाशंकर सोन्हा ने गला दबाकर पटक दिया जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मामले में आरोपी डिगमा सहादनपारा निवासी 33 वर्षीय उमाशंकर सोन्हा आ. रामरुच सोन्हा को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर लिया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गांधीनगर प्रदीप जायसवाल, उनि नवल किशोर दुबे, सउनि वीरेंद्र कुजूर, महिला आरक्षक प्रियारानी, आरक्षक राजकुमार यादव, कसमुद्दीन अंसारी, गीता प्रसाद सक्रिय रहे।



## खबर संक्षेप

### कलेक्टर जनदर्शन में 20 आवेदन हुए प्राप्त

**मनेन्द्रगढ़।** कलेक्टर डी. राहुल वेंकट के निर्देशन में अपर कलेक्टर विनायक शर्मा ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय में जनदर्शन के माध्यम से आम नागरिकों की समस्याओं को सुना। जिले के ग्रामीण जन और नागरिकों ने जनदर्शन में अपनी छोटी-बड़ी समस्याओं को सीधे अपर कलेक्टर के समक्ष रखा। अपर कलेक्टर ने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्रता से समय-सीमा में निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। 7 अक्टूबर को जनदर्शन में कुल 20 आवेदन प्राप्त हुए।

### समयावधि पत्रों की समीक्षा बैठक

**अनूपपुर।** अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी शासकीय योजनाओं का प्रभावी, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र हितग्राही तक शासन की जनहितकारी योजनाओं का लाभ दिलाना सुनिश्चित किया जाए। अपर कलेक्टर ने कहा कि विभागीय अधिकारी आपसी समन्वय और सहयोग की भावना के साथ कार्य करें, ताकि लक्ष्य प्राप्ति में कोई बाधा न आए तथा योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा की जाए और जहां आवश्यक हो, नवाचार एवं सुधारात्मक कदम अपनाए जाएं, जिससे शासन की मंशा के अनुरूप परिणाम प्राप्त हो सके।

### साइबर सुरक्षा के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** ई-रिकार्ड डेटा चोरी और साइबर फ्रॉड की घटनाओं को रोकने, कम्प्यूटर-इंटरनेट, मोबाइल,एटीएम,डिजिटल सिग्नेचर, ईमेल,आधार कार्ड के सुरक्षित उपयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से शासकीय सेवकों को साइबर सुरक्षा के संबंध में प्रशिक्षण सोमवार को कलेक्ट्रेट स्थित ई-दक्ष केन्द्र में दिया गया। प्रशिक्षण ई-दक्ष केन्द्र के वरिष्ठ प्रशिक्षक आनंद मोहन मिश्रा एवं प्रशिक्षक नितिन तिवारी द्वारा दिया गया। आयोजित प्रशिक्षण में शासकीय सेवकों को डेटा की सुरक्षा, साइबर हमलों से बचाव, ऑनलाईन ट्रांजेक्शन की सुरक्षा, कानूनी सुरक्षा, ऑनलाईन पहचान और गोपनीयता की सुरक्षा आदि के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

### बेलबहरा में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ कार्यक्रम

**मनेन्द्रगढ़।** भारत सरकार की महत्वाकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ के अंतर्गत वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे की थीम पर बेलबहरा हाई स्कूल में बालिकाओं के मानसिक स्वास्थ्य, आत्मविश्वास, भावनात्मक सशक्तिकरण और समग्र व्यक्तित्व विकास पर केन्द्रित एक भव्य एवं प्रेरणादायी जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

### अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर लैब का नामकरण

# संभाग के पहले स्पेस एजुकेशन लैब का राज्यपाल ने किया उद्घाटन



लैब का निरीक्षण करते राज्यपाल रमेन डेका।

**बैकुंठपुर।** कोरिया जिले ने शिक्षा और विज्ञान के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक कदम बढ़ाते हुए मंगलवार को संभाग का पहला स्पेस एजुकेशन लैब स्थापित किया। छग के राज्यपाल रमेन डेका ने बैकुंठपुर स्थित शासकीय आदर्श कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में इस लैब का लोकार्पण किया। यह अत्याधुनिक लैब भारतीय अंतरिक्ष यात्री ग्रुप कैप्टन शुभांशु शुक्ला के नाम पर समर्पित की गई है। डीएमएफ के सहयोग से स्थापित यह प्रयोगशाला विद्यार्थियों में अंतरिक्ष, भौतिकी, भूगोल और प्रौद्योगिकी के प्रति रुचि बढ़ाने में मील का पत्थर साबित होगी।

### राज्यपाल से भाजपा प्रतिनिधि मंडल ने किया भेंट

छग प्रदेश के राज्यपाल रमेन डेका के एक दिवसीय कोरिया प्रवास के दौरान मंगलवार को भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल भेंट कर जिले के विभिन्न विकास कार्यों के लिए ज्ञापन सौंपा। इसमें प्रमुख मांग शहर के मुख्य मार्ग को सड़क चौड़ीकरण सह डिवाइडर निर्माण, बैकुंठपुर में एम्स अस्पताल एवं विधि महाविद्यालय खोले जाने के लिए मांग पत्र दिया गया। साथ जिले के विकास कार्यों के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी के नेतृत्व में राज्यपाल रमेन डेका को स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष देवेन्द्र तिवारी, पूर्व जिलाध्यक्ष केबी जायसवाल, जिला मंत्री एवं चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष शारदा गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी तीरथ राजवाड़े एवं मंडल अध्यक्ष अनिल खटिक मौजूद रहे।



# कंपनी इंचार्ज और एसईसीएल अफसर पर अपराध पंजीबद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- ओसीएम खदान बरतुंगा में खतरनाक विस्फोट से कई कर्मी हुए थे घायल

एमसीबी जिले के ओसीएम खदान बरतुंगा में 6 अक्टूबर को कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी और एसईसीएल अधिकारियों द्वारा खतरनाक तरीके से विस्फोटक पदार्थों का उपयोग कर लापरवाहीपूर्वक विस्फोट किया गया। घटना में कई कर्मचारियों को चोटें आईं और कार्यस्थल व वाहनों को नुकसान पहुंचा।

जानकारी के अनुसार धमाके के समय ड्यूटी पर कार्यरत एसईसीएल कर्मी हसमत अली, मानसाय, शंकर, शिवकुमार, मानकुंवर, हीरामनी, ओवर मैन मनोज कुमार, डिप्टी मैनेजर सहित कई अन्य कर्मचारी मौजूद थे। धमाके में सभी घायल हो गए, जिन्हें इलाज के लिए रीजनल अस्पताल कुरासिया भेजा गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार विस्फोट के दौरान कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के इंचार्ज शिवानंद और एसईसीएल के ब्लास्टिंग इंचार्ज रवि चक्रधारी मौजूद थे। आरोप है कि उनके द्वारा खतरनाक तरीके से आयुध विस्फोट कर न केवल सुरक्षा नियमों की अनदेखी की गई, बल्कि कर्मचारियों व आसपास की संपत्ति को गंभीर खतरे में डाला गया। घटना के संबंध में प्रार्थी राज पता सुधारू उम्र 19 वर्ष निवासी डोमनहिल सोनवानी की रिपोर्ट पर थाना चिरमिरी में कालरी प्रबंधक और कृष्णा सुपर हाईटेक कंपनी के अधिकारियों के विरूद्ध अपराध क्रमांक 239/2025 धारा 288, 118 (1) बीएनएस एवं विस्फोटक पदार्थ अधिनियम 1908 की धारा 3 के तहत मामला दर्ज किया गया है। मामले की जांच थाना प्रभारी चिरमिरी द्वारा की जा रही है।


चिरमिरी माइंस में ओवी ब्लास्टिंग, 8 घायल

घटना स्थल।

घायल को देखने पहुंचे स्वास्थ्य मंत्री।

जांच के आदेश

कोई हताहत नहीं

7 अक्टूबर को हरिभूमि में प्रकाशित खबर।

# नाबालिग चोरों ने उड़ाए लैपटॉप और मोबाइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

- फरार आरोपी गिरफ्तार

जिले के चरचा थाना पुलिस ने चोरी के एक गंभीर मामले का सफल पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी और दो नाबालिग विधि-विरूद्ध बालक को गिरफ्तार कर चोरी किए गए सामान को बरामद किया है। मामला अपराध क्रमांक 163/2025 धारा 331(4), 305(ए) बीएनएस के तहत पंजीबद्ध है।

22 अगस्त को प्रार्थी अमित कुमार चखियार, पिता स्व. अजीत कुमार चखियार उम्र 37 वर्ष निवासी स्टाफ कॉलोनी चरचा ने थाना चरचा में चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। वे चरचा ईस्ट कटगोड़ी ब्लॉक में माइनिंग सरदार के पद पर कार्यरत हैं। 1 अगस्त को वे अपने पैतृक निवास अंबिकापुर गए हुए थे, इसी दौरान अज्ञात चोरों ने उनके क्वार्टर में ताला तोड़कर प्रवेश किया और घर का सामान अस्त-व्यस्त कर दिया। नौकरानी द्वारा सूचना मिलने पर वे घर लौटे तो देखा कि सामने का जालीदार दरवाजा टूटा हुआ था, आलमारी खोलने का प्रयास किया गया था और कई कीमती सामान चोरी हो चुके थे।



गिरफ्तार आरोपी।

### बिजुरी नगर में संचालित हो रहे कई बीसी केन्द्र

**अनूपपुर।** कोयलांचल क्षेत्र बिजुरी नगर में बैंकिंग करेस्पोंडेंट (बीसी) केन्द्रों की मनमानी खुलेआम सामने आ रही है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यहां कई बीसी आरबीआई और बैंकों के दिशा-निर्देशों को दरकिनार कर अवैध तरीके से संचालन कर रहे हैं।

नियमों के मुताबिक एक बीसी को केवल उस बैंक की ओर से अधिकृत स्थान पर ही काम करने की अनुमति होती है, लेकिन नगर में दर्जनों ऐसे केन्द्र देखे जा रहे हैं, जो अन्य स्थानों की आईडी लेकर धड़ल्ले से अलग-अलग जगहों पर केन्द्र संचालित कर रहे हैं। जानकारों का कहना है कि बीसी केन्द्र ग्रामीण व शहरी इलाकों में बैंकिंग सेवाएं सरल बनाने और ग्राहकों को नजदीकी स्तर पर सुविधा देने के लिए खोले गए थे। इनका मुख्य उद्देश्य गांव-गांव में बैंकिंग सुविधा पहुंचाना था। मगर बिजुरी नगर में यह उद्देश्य धीरे-धीरे धंधे का रूप ले चुका है।

# पीनट बटर हनी फ्लेवर्ड उत्पाद का राज्यपाल ने किया विमोचन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

छग के कोरिया जिले ने एक बार फिर नवाचार की मिसाल पेश की है। कृषि विज्ञान केन्द्र और जिला प्रशासन के संयुक्त प्रयास से तैयार किया गया पीनट बटर-हनी फ्लेवर्ड उत्पाद मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष बैकुंठपुर में राज्यपाल रमेन डेका के करकमलों से विमोचित हुआ।

राज्यपाल श्री डेका ने उत्पाद की गुणवत्ता, स्वाद और पैकेजिंग की सराहना करते हुए कहा कि यह उत्पाद कोरिया जिले की सृजनात्मक सोच और कृषि नवाचार का उत्कृष्ट उदाहरण है। शक्कर की जगह शहद का उपयोग इस पीनट बटर को और भी पौष्टिक व स्वास्थ्यवर्धक बनाता है। कोरिया जैसे सुदूर अंचल से इस तरह की पहल का आरंभ सचमुच सराहनीय है। राज्यपाल ने याद किया कि अपने पिछले कोरिया प्रवास के दौरान उन्होंने सोनहनी शहद उत्पाद का भी शुभारंभ किया था। उन्होंने कहा कि यह दूसरा उत्पाद सोनहनी की तरह ही किसानों के आत्मनिर्भर बनने की दिशा में बड़ा कदम है। राज्यपाल ने कहा कि इस पहल से किसानों को बेहतर बाजार मूल्य मिलेगा और स्थानीय स्तर पर प्रसंस्करण इकाइयों की स्थापना से रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। राज्यपाल श्री डेका ने कहा कि प्रोटीन वर्ल्ड की इस दुनिया में कोरिया का पीनट बटर एक नायाब शुरूआत है। यह उत्पाद न केवल स्वास्थ्य के लिए उपयोगी है, बल्कि वोकल फॉर लोकल की भावना को भी सशक्त करता है। कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ग्रामीणों, किसानों की आर्थिक, सामाजिक इसिथति को मजबूत करने के लिए अनेक ठोस कदम उठाएं हैं। उन्होंने बताया कि इसी को ध्यान में रखते हुए पीनट बटर हनी फ्लेवर्ड का निर्माण कृषि विज्ञान केन्द्र कोरिया के तकनीकी सहयोग से किया गया है। इसका उद्देश्य किसानों को वैल्यू एडिशन के माध्यम से अधिक आमदनी दिलाना और स्थानीय संसाधनों से स्वदेशी स्वास्थ्यवर्धक उत्पाद तैयार करना है। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने कहा कोरिया की मिट्टी में मेहनत और नवाचार दोनों हैं। अब किसान केवल उत्पादन तक सीमित नहीं रहेंगे, बल्कि प्रसंस्करण और विपणन के माध्यम से भी आत्मनिर्भर बनेंगे। कृषि विज्ञान केन्द्र बैकुंठपुर के वैज्ञानिक कमलेश सिंह ने बताया कि यह पिन्ट्स बटर शत-प्रतिशत प्राकृतिक मूंगफली और शुद्ध शहद से तैयार किया गया है। इसमें कोई कृत्रिम रंग, फ्लेवर या प्रिजर्वेटिव नहीं मिलाया गया है। 125 ग्राम की आकर्षक पैकिंग में उपलब्ध यह उत्पाद पूरी तरह स्वदेशी और स्वास्थ्यवर्धक है। उन्होंने पोषण संबंधी मानक के बारे में बताया कि प्रति 100 ग्राम में करीब 600 किलो कैलोरी, 22-25 ग्राम प्रोटीन, 30-35 ग्राम कार्बोहाईड्रेट, 18-20 ग्राम प्राकृतिक शर्करा, 45-50 ग्राम हेल्दी फैट, 3-4 ग्राम फाइबर तथा कैल्शियम, आयरन और विटामिन ई से भरपूर है।



### 19 इंजेक्शन, 20 टैबलेट के साथ दो गिरफ्तार

**डोमनहिल।** चिरमिरी पुलिस ने नशे के अवैध कारोबारियों पर कड़ा प्रहार किया है। पुलिस ने नशा विरोधी अभियान के तहत ताबड़तोड़ कार्रवाई करते हुए हल्दीबाड़ी के हिरागिर दफाई से दो आरोपियों को नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में प्रतिबंधित इंजेक्शन और टैबलेट जब्त किए हैं। यह कार्रवाई पुलिस को मिली पुख्ता सूचना के आधार पर की गई, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया है। चिरमिरी पुलिस के अनुसार वे लगातार नशे के कारोबार में सम्मिलित लोगों की धरपकड़ कर रहे हैं। इसीक्रम में पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि हीरागिर दफाई में दो लोगों द्वारा नशीली दवाओं का अवैध कारोबार चलाया जा रहा है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस की एक विशेष टीम गठित की गई और तत्काल बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। दबिश के दौरान पुलिस ने दोनों संदिग्धों को पकड़ा और उनकी तलाशी ली। आरोपियों के पास से 19 नग नशीले इंजेक्शन और 20 नग नशीली टैबलेट बरामद की गईं, जिन्हें जब्त कर लिया गया है।

# जिला अधिवक्ता संघ का चुनाव 31 को नामांकन प्रक्रिया कल से शुरु

### चुनावी कार्यक्रम घोषित, अंतिम सूची का प्रकाशन 23 को

**बैकुण्ठपुर।** जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर का चुनाव वर्ष 2025 के लिए चुनावी कार्यक्रम की तिथि चुनाव अधिकारी द्वारा घोषित कर दी गई है और इसकी सूचना संघ के सूचना पटल पर चस्पा कर दिया गया है।

जिला अधिवक्ता संघ निर्वाचन के लिए चुनाव अधिकारी से मिली जानकारी के जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए नामांकन पत्र प्राप्त करने की तिथि 9,10 एवं 13 को अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक, नामांकन पत्र चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करन की तिथि 14 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक, नामांकन पत्रों के संबंध में दावा आपत्ति चुनाव अधिकारी के समक्ष प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय 15 अक्टूबर को दोपहर 2 से 4 बजे तक, नामांकन पत्रों की जांच एवं वैध नामांकन पत्रों के प्रकाशन की तिथि 16 अक्टूबर को निर्धारित हैं, वहीं नामांकन पत्र वापसी की तिथि 17 अक्टूबर को 2 से 4 बजे तक है तथा उम्मीदवारों के अंतिम सूची का प्रकाशन 23 अक्टूबर को 3 बजे किया जाएगा।



### माहांत में होगा मतदानऔर परिणाम

जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के विभिन्न पदाधिकारियों का चुनाव की तिथि 31 अक्टूबर को होगा। इस दिन दोपहर 12:30 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक अधिवक्ता संघ के सदस्य संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित अन्य पदों के लिए मतदान करेंगे। मतदान समाप्ति के पश्चात इसी दिन मतपत्रां की गणना की जाएगी तथा चुनाव परिणाम भी घोषित कर दी जाएगी।

### एक अध्यक्ष व दो उपाध्यक्ष होंगे

जिला अधिवक्ता संघ बैकुंठपुर के चुनाव 2025 के चुनाव के लिए इस बार अध्यक्ष पद मुक्त हैं, वहीं दो उपाध्यक्ष पद में से एक पद महिला के लिए आरक्षित है, इसके अलावा एक सचिव पद मुक्त, एक सह सचिव मुक्त, एक कोषाध्यक्ष मुक्त,एक सांस्कृतिक एवं क्रीड़ा सचिव मुक्त,एक ग्रंथालय सचिव मुक्त तथा 6 कार्यकारिणी सदस्यों का चुनाव किया जाएगा, इनमें एक पद महिला उम्मीदवार के लिए आरक्षित किया गया है।

### पदाधिकारियों के लिए अर्हता

चुनाव अधिकारी से मिली जानकारी के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ के चुनाव के लिए सभी पदों के उम्मीदवारों की अर्हता भी निर्धारित की गई। मिली जानकारी के अनुसार जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष पद लिए कम से कम 15 वर्षो का अधिवक्ता संघ में सदस्यता होना आवश्यक है, वहीं उपाध्यक्ष तथा सचिव के लिए 7 वर्षो का, सह सचिव व कोषध्यक्ष के लिए 5 वर्ष, ग्रंथालय सचिव के लिए 5 वर्ष तथा कार्यकारिणी सदस्य के लिए कम से कम 4 वर्ष अधिवक्ता संघ में सदस्यता होना जरूरी है। प्रत्येक पदो के नामांकन के लिए शुल्क भी निर्धारित किया गया है।

### सर्पदंश से गंभीर ग्रामीण की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** सर्पदंश से गंभीर हुए ग्रामीण की उपचार के दौरान निजी अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार बलरामपुर थाना अंतर्गत ग्राम पंचावल निवासी अनिल नागवंशी आ. शिवा नागवंशी (33 वर्ष) पिछले सोमवार की सुबह खेत में काम करने गया था। इसी दौरान जहरीले सांप ने उसे डंस लिया। परिजन उसे तत्काल बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया जहां कुछ दिनों तक इलाज चलने के बाद चिकित्सकों ने उसके स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने पर गत दिन रेफर कर दिया।

तेज डायग्नोस्टिक / ब्लड बैंक (सेंटर)
माता राजरानी मेमोरियल MRM हॉस्पिटल
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर
में परामर्श हेतु प्रतिदिन उपलब्ध विषेशज्ञ

| | |
|---|---|
| डॉ. आशीश कुमार जायसवाल, जनरल फिजिशियन | डॉ. हेमन्त कुमार बी, MBBS, DCH, DNB, शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. चन्द्रशेखर उपाध्याय, MBBS, DNB Ortho, हड्डी रोग विषेशज्ञ | डॉ. प्रवीन कुमार सिंह, जनरल एवं लैप्रोस्कोपिक सर्जन |
| डॉ. मनोज भारती, MBBS, MS, हाइड्रोसील,बवासीर,हार्निया,फिस्टुला स्तन की गांठ | डॉ. ओम प्रकाश पंडित, MBBS, DNB (Ortho) MNAMS, हड्डी रोग विषेशज्ञ |
| डॉ. सोनल गार्डिया, MBBS, MS(General Surgeon), जनरल एवं लैप्रोस्कोपी सर्जन | डॉ. भावना गार्डिया, स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ.जी.के.दामले, MS, ENT, नाक कान गलारोगों के वरिष्ठ अनुभवी विषेशज्ञ | डॉ. नताशा शर्मा, स्त्री रोग विशेषज्ञ |
| डॉ. रोशन आरा, एम.डी. रेडियो डायग्नोसिस | डॉ. हिमांशु गुप्ता, MD ONCO, कैंसर रोग विषेशज्ञ |
| डॉ. संगिता भारती, चर्म रोग एवं सौन्दर्य विशेषज्ञ | डॉ. कमल नारायण गुप्ता, श्वास,छाती एवं टी.बी.रोग विषेशज्ञ |
| डॉ. संदीप गुप्ता, MBBS, DCH मुंबई | डॉ. अभिजीत भट्टाचार्य, जनरल फिजिशियन |
| डॉ. राहूल शामकांत जाधव, एम.बी.बी.एस.,एम.डी.पैथोलॉजिस्ट | डॉ. सुरभि, BDS, MDS (Oral Medicine & Radiology), दंत एवं मुख्य विषेशज्ञ |
| डॉ. आयुशी गुप्ता, न्युरो (पेन फिजिशियन) | डॉ. मीना राव, आडियोलॉजिस्ट एवं स्पीच थैरेपिस्ट |
| 1.5 TESLA MRI | डॉ. हेमलता साहू, फिजियोथैरेपी |

अग्रिम पंजीयन हेतु सम्पर्क करें 07774222555, 9425583780, 9826183780, 8224007799, 8718003300, 6262839090
आयुष्मान योजना द्वारा भर्ती, सर्जरी, उपचार एवं जाँच की सुविधा उपलब्ध

सरगुजा मार्केट

बर्न, प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विशेषज्ञ
डॉ.रौनक कलवानी
M.ch, Ms, ATLS, M.B.B.S
प्लास्टिक, कॉस्मेटिक एवं माइक्रोसर्जन
विशेषज्ञता - हेयर ट्रांसप्लांट, लिपोसक्शन एवं माइक्रो सर्जरी
दिनांक - 04 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे तक
संजीवनी कैंसर केयर हॉस्पिटल, रायपुर के वरिष्ठ और अनुभवी विशेषज्ञ
डॉ.विकास अग्रवाल
Laparoscopic and Organ Preserving Surgeries
MBBS, DRNB, PDF, FMAS, FISCP, MNAMS
दिनांक - 11 अक्टूबर, 2025
समय - सुबह 9 बजे से 12 बजे तक
डॉ.फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALITY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर (जिला - सरगुजा)
7869900888 (O.P.D.) 8225888500 (Hospital), 7240802000

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनोरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध एवं सीनियर
मूत्र रोग विशेषज्ञ
परामर्श एवं ऑपरेशन हेतु
डॉ.राहुल कपूर
(Laparoscopy Urosurgeon)
दिनांक 29 अक्टूबर 2025
दिन - बुधवार
उपलब्ध सुविधा
- आयुष्मान कार्ड से ईलाज।
- दूरबीन से (बिना चीर, फाड़) ऑपरेशन
- किडनी स्टोन, किडनी नली का स्टोन, BPH प्रोस्टेट ग्रंथि का ऑपरेशन
- पेशाब रास्ते का सिकुड़न
- किडनी, पेशाब थैली, अंडकोष, प्रोस्टेट कैंसर का ईलाज
अग्रिम रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है (O.P.D.) 8225888500
दूरबीन पद्धति से मूत्र रोग बीमारियों की जाँच एवं ऑपरेशन की सुविधा उपलब्ध
डॉ फिरदौसी हॉस्पिटल
MULTI SPECIALTY SURGICAL HOSPITAL
खरसिया नाका अम्बिकापुर, जिला - सरगुजा

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S.,M.D.(पल्मोनरी मेडिसीन)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
डॉ.दीपक अग्रवाल (हड्डी रोग विशेषज्ञ)
एम.बी.बी.एस, डी, आर्थो. (एफ.पी.ओ.)
सभी जोड़ों से संबंधित मरीज तथा बच्चों की जन्मजात हड्डी रोग
दिनांक :-12 अक्टूबर 2025, रविवार
सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

# दुकानदारों के बीच खूनी संघर्ष, 7 पर जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मनेन्द्रगढ़

- 4 हिरासत में, एक गंभीर घायल

जिला मुख्यालय एमसीबी में सोमवार की देर शाम शहर के मध्य स्थित पुराने नगर पालिका कार्यालय के पास दो दुकानदारों के बीच हुए मामूली विवाद ने देखते ही देखते हिंसक रूप ले लिया।

दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई, इसमें एक व्यापारी के सिर में गंभीर चोट आई है। घायल व्यापारी को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मनेन्द्रगढ़ में भर्ती कराया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए मेडिकल कॉलेज अंबिकापुर रिफर कर दिया गया। घटना के बाद क्षेत्र में अफरा-तफरी का माहौल बन गया। बाजार क्षेत्र में स्थित कई दुकानदारों ने अपने प्रतिष्ठान बंद कर दिए। वहीं झगड़े का वीडियो फुटेज भी सामने आया है, इसमें दोनों पक्षों को एक-दूसरे पर लाठी-डंडों और अन्य वस्तुओं से हमला करते हुए देखा जा सकता है। घटना की जानकारी मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों पक्षों के चार आरोपियों को हिरासत में लिया है, जबकि तीन अन्य आरोपी अब भी फरार बताए जा रहे हैं। सिटी कोतवाली प्रभारी सुनील तिवारी ने बताया कि इस मामले में कुल सात लोगों के खिलाफ मारपीट, गाली-गलौज और शांति भंग करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की गई है। आरोपियों में मोहम्मद कामरान, उमर, मोहम्मद अनस, मोहम्मद इमरान, अब्दुल रशीद, आदिल और आदिल शामिल हैं। फिलहाल पुलिस फरार आरोपियों की तलाश में लगातार दबिश दे रही है। वहीं घायल व्यापारी की हालत स्थिर बताई जा रही है। स्थानीय व्यापारियों ने प्रशासन से मांग की है कि शहर में लगातार बढ़ रही आपसी झड़पों पर सख्ती से रोक लगाई जाए और आरोपियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाए।

TOP IN SURGUJA

गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
स्वस्थ प्रेगनेंसी से लेकर नवजात शिशु की देखभाल एवं ईलाज के लिए उत्कृष्ट केंद्र
उपलब्ध ऑपरेशन सेवाएं
1. बच्चेदानी का ऑपरेशन 4. सर्जरी द्वारा प्रसव (LSCS)
2. महिला नसबंदी (LTT) 2. बच्चेदानी की सफाई (D&C)
3. नॉर्मल डिलीवरी
ऑपरेशन थियेटर
सोनोग्राफी सुविधा
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
9424250281 | 8120906000 | 8120809000
डॉ.गिरीश पैंकरा
MBBS, DCH Pediatrics
बाल्य एवं शिशु रोग विशेषज्ञ
डॉ.प्रज्ञा ओझा
MBBS, DGO (DBS & GYN)
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ

लिवर स्लिम
विश्व की सर्वोत्तम दवा
यह दवा फैटी लीवर का रामबाण ईलाज है। कैसा भी फैटी लीवर या एल्कोहोलिक लीवर तीन माह के सेवन से 100 प्रतिशत लीवर स्लिम कर देगा। इसके सेवन से सिर्फ लीवर ही नहीं किडनी इन्फेक्शन लीवर में गांठ होना या शोराशिस होना जॉनडीस या पीलिया, हेपेटाइट ABCD, सभी ठीक करने का महाशक्ति है। लीवर को कैंसर से बचाता है। हाईपर ए.सी.डी.टी. एवं भूख नहीं लगना, कब्ज रहना, बवासीर से भी बचाता है। बवासीर होने के बाद भी इस दवा के सेवन से भी ठीक हो जाता है। पेट के सभी बीमारियों का 100 प्रतिशत ईलाज है।
चिराग हर्बल घड़ी चौक, अम्बिकापुर | मो. 9826461355

## खबर संक्षेप



### लहपटरा मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन

**लहपटरा।** शताब्दी वर्ष पर मंडल में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा पद संचलन किया गया। अपराह्न 4 बजे एकत्रीकरण पश्चात स्वास्थ्य वचन के साथ किया गया 4.30 शाम पथ संचलन मिडिल स्कूल ग्राउंड से शिव मंदिर होते हुए बस्ती भ्रमण करते हुए मिडिल स्कूल में पहुंचकर समाप्त हुआ। मुख्य प्रवक्ता विभाग सहकारवान अजय मिश्रा कहां कि 1925 में डॉ. केशवराव हेगडेवाल द्वारा 10 लोगों के साथ विजयदशमी के दिन संघ की स्थापना कर शाखा की शुरुआत की। आज राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ विश्व का सबसे बड़ा संगठन है। विभिन्न अभियानों के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में अपने यहां भूमिका निभा रही है। आज शास्त्र और शस्त्र की पढ़ाई जरूरी हो गई है धीरे-धीरे हम शास्त्र और शस्त्र को भूलते जा रहे हैं। प्रार्थना उपरांत कार्यक्रम का समापन किया गया। इस दौरान खंड सेवा प्रमुख सुरेश गुप्ता, खंड कारवां यतिन पांडे, मंडल प्रमुख जगदीश, गोपाल सिंह सहित बड़ी संख्या में स्वयंसेवक संघ उपस्थित रहे।

### सलका मंडल के राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ ने किया पथ संचलन



**सलका अघिना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल सलका द्वारा संघ के सौ वर्ष पूर्ण होने पर हाईस्कूल ग्राउंड में धूमधाम से विजयादशमी उत्सव और शस्त्र पूजन मनाया गया। सलका मंडल अंतर्गत आसपास के ग्यारह ग्राम के स्वयंसेवकों ने नगर पुराने हाई स्कूल परिसर से सलका अघिना गांव में संचलन किया। संचलन उपरांत कार्यक्रम स्थल पर शस्त्र पूजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मोक्ष नारायण गुप्ता एवं कार्यक्रम में वक्ता विवेक सक्सेना,प्रांतीय सदस्य विधा भारती रहे। मुख्य अतिथि ने कहा कि संघ के स्वयंसेवक राष्ट्रहित के लिए सदैव समर्पित भाव से कार्य करते हैं। श्री सक्सेना ने संघ के सौ वर्ष की यात्रा पर प्रकाश डाला उन्होंने कहा कि कुछ युवाओं को लेकर शुरू किया गया संघ आज विश्वव्यापी हो गया है। संघ अपना उद्देश्य प्रारंभ से व्यक्ति निर्माण से राष्ट्र निर्माण का लेकर चला वही आज भी निरंतर जारी है। संघ से आज कई संगठन बन गए और अपने क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य कर रहे हैं। कार्यक्रम में खंड संघचालक जटाधारी सिंह, जिला कार्यवाह अनीश गुप्ता धर्म जागरण विभाग संयोजक विरेन्द्र शर्मा, बौद्धिक प्रमुख सत्येंद्र गुप्ता, राजपाल सिंह, निरंजन गुप्ता, जितेंद्र गुप्ता, शिवकुमार, गिरीश गुप्ता, जर्नादन गुप्ता, संजय गुप्ता सहित बड़ी संख्या स्वयंसेवक उपस्थित रहे।

### आरएसएस मंडल करंजी का दतिमा में हुआ पथ संचलन



**बिश्रामपुर।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ मंडल करंजी का पथ संचलन एवं विजयादशमी उत्सव ग्राम दतिमा के हाई स्कूल ग्राउंड में संपन्न हुआ,कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में कोरिया विभाग के विभाग प्रचारक नागेश नाथ योगी उपस्थित रहे,कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक तुलसी राजवाडे.एवं करंजी मंडल के मंडल प्रमुख कुबेर राजवाड़े मंचासीन रहे,शताब्दी वर्ष के निमित्त विजयादशमी उत्सव के पथ संचलन का ग्रामवासियों ने जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वयं सेवकों का स्वागत किया,परंपरानुसार अतिथियों द्वारा शस्त्र पूजन किया गया,कार्यक्रम में मुख्य शिक्षक अमरजीत राजवाड़े,प्रार्थना प्रमुख प्रशांत, सुभाषित मुकेश कुमार,अमृतवचन मेघनाथ,एकल गीत सुरेश मानिकपुरी द्वारा प्रस्तुति की गई,परिचय मंडल कार्यवाह देवा राजवाडे.द्वारा कराया गया,मुख्य वक्ता नागेश नाथ योगी ने कहा कि हिन्दू समाज का पुनर्जागरण ही संघ का उद्देश्य रहा है,संघ का लक्ष्य हिन्दू समाज को संगठित करना है,अस्पृश्यता जैसे कई अंतर्निहित दोषों के कारण यह एक कठिन कार्य था,संघ अपनी शाखाओं और राष्ट्रव्यापी गतिविधियों के माध्यम से इसी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए लगातार काम कर रहा है,जो एक सामंजस्यपूर्ण समाज और राष्ट्र के लिए सभी को एक साथ लाता है,कार्यक्रम में मुख्य रूप से विभाग शारीरिक शिक्षण प्रमुख धर्मपाल सिंह,जिला सह कार्यवाह विजय शर्मा,जिला मुख्य मार्ग एवं छात्रावास प्रमुख वीरेश सिंह संघ से उपस्थित रहे,इस दौरान रामनारायण जायसवाल,हुकुम साय,गंभीरा राजवाड़े, रामानंद जायसवाल व अन्य गणमान्य आमजन भी उपस्थित रहे।

बिना प्लास्टर के फर्श पर बैठ बच्चे करते हैं पढ़ाई

# स्कूल भवन जर्जर, निर्माणाधीन कमरे में कक्षाओं का संचालन

हरिभूमि न्यूज ⏭ शंकरगढ़

डाम्हाटोली के प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले बच्चों को महीनों बाद भी नए भवन में पढ़ना नसीब नहीं हुआ। हैरानी की बात तो यह है कि जर्जर स्कूल भवन के समीप ही नए स्कूल भवन का निर्माण किया जा रहा है लेकिन महीनों बाद निर्माण पूर्ण नहीं होने से बच्चों को पढ़ाई करने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में अब भवन के अभाव में स्कूल का संचालन निर्माणाधीन भवन में संचालित है जहां न तो साफ सफाई है और न ही बच्चों के बैठने के लिए कोई व्यवस्था है जिससे बच्चे निर्माणाधीन भवन के कक्ष में पढ़ाई करने को मजबूर है। भवन में कई काम अधूरे है और कछुआ गति से हो रहे निर्माण का खामियाजा स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों को भुगतना पड़ रहा है।

**खास बात**

- महीनों बाद भी भवन नहीं हो सका पूर्ण



निर्माणधीन स्कूल के कक्ष में रेत पर बैठकर पढ़ाई करते बच्च।

#### बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा असर

निर्माणाधीन भवन के कक्ष में कुछ व्यवस्था नहीं होने से इसका असर बच्चों की पढ़ाई पर पड़ रहा है। बच्चे तो स्कूल आते है और अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के पश्चात पढ़ाई नहीं होने से कक्ष में खेलने और मध्याह्न भोजन कर घर लौट जाते है। ऐसे में शिक्षा को बढ़ावा देने प्रदेश सरकार द्वारा संचालित योजना का लाभ बच्चों को नहीं मिल पा रहा है। ग्राम पंचायत डाम्हाटोली में स्कूल भवन का निर्माण शुरू हुए कई महीने हो गए बावजूद भवन आधा अधूरा पड़ा हुआ है। ऐसा नहीं है कि भवन अधूरे होने की जानकारी संबंधित विभाग के अधिकारियों को नहीं दी गई बावजूद इसके किसी प्रकार पहल नहीं करने से बच्चे निर्माणाधीन भवन में पढ़ाई करने को मजबूर है।

**बीमारी का खतरा**

बच्चे जिस निर्माणाधीन भवन के कक्ष में पढ़ाई करते है उस कक्ष में प्लास्टर नहीं होने से न सिर्फ बच्चों के कपड़े गंदे होते है बल्कि मिट्टी धूल में खेलने से बीमारी का खतरा होता है। कक्ष में खिड़की, दरवाजा नहीं होने के कारण बारिश होने के दौरान पानी के छिटे कक्ष में आ जाते है जिससे बच्चों काफी दिक्कत होती है।

शंकरगढ़ विकासखंड के प्राथमिक शाला डाम्हाटोली स्थित प्राथमिक पाठशाला भवन के काफी जर्जर होने जाने तथा बारिश के मौसम में भवन गिर जाने की स्थिति में पहुंच चुकी थी। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर जर्जर स्कूल भवन के नए सिरे से मरम्मत के बजाए परिसर में ही नए भवन निर्माण शुरू किया गया। बरसात के पूर्व ही नए भवन निर्माण का काम शुरू किया गया लेकिन कई महीने बीत जाने के बावजूद भवन निर्माण पूर्ण नहीं हो सकी। इधर बरसात के मौसम शुरू होते ही बच्चों की सुरक्षा को ध्यान में रखकर जर्जर स्कूल भवन में स्कूल का संचालन बंद कर निर्माणाधीन भवन में स्कूल का संचालन शुरू किया है। स्कूल भवन निर्माणाधीन होने तथा दीवार, फर्श सहित विद्युत का काम अब भी शेष है। निर्माणाधीन भवन में लगभग 40 बच्चे पढ़ाई करते है। फर्श व दीवार में प्लास्टर नहीं होने के कारण बच्चे रेत युक्त फर्श पर बैठकर पढ़ाई करते है जिससे उनके कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। जिस तरह से भवन निर्माण हो रहा है उससे सहज की अंदाजा लगाया जा सकता है कि स्कूल में पढ़ाई करने वाले बच्चों को नए भवन के लिए कुछ माह और इंतजार करना पड़ सकता है।

**सुरक्षा की दृष्टि से लगाई जा रही क्लास**

पुराना स्कूल भवन काफी जर्जर हो गई है। सुरक्षा की दृष्टि से बच्चों को निर्माणाधीन भवन में पढ़ाया जा रहा है। भवन में कई काम शेष है जिसके पूर्ण होने के बाद बच्चों को परेशानी नहीं होगी।

-विजय कवंर
एबीओ



## विधायक ने किया जल जीवन मिशन के कार्यों का निरीक्षण, लगाई फटकार

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीतापुर

प्रत्येक घर में शुद्ध पेयजल व्यवस्था बहाल करने केंद्र सरकार द्वारा संचालित जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे निर्माण कार्य का विधायक रामकुमार टोप्पो ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सालों बाद भी आधे अधूरे निर्माण कार्य देख विधायक नाखुश नजर आए। उन्होंने मौके पर ही अधिकारियों की क्लास लेते हुए एक डेडलाइन जारी किया और कहा कि 30 नवंबर तक घरों में जलापूर्ति शुरू हो जानी चाहिए, इसके बाद भी अगर लेट लतीफी हुई तो इसके जिम्मेदार संबंधित अधिकारी होंगे।

- 30 नवम्बर तक तक घर तक जल आपूर्त शुरू करने का दिया समय

विदित हो कि ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों के घरों तक शुद्ध पेयजल आपूर्ति व्यवस्था सुनिश्चित करने केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी योजना जल जीवन मिशन के तहत हर घर जल अभियान शुरू की गई थी। वर्ष 2015 से शुरू इस योजना को 2024 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया था लेकिन केंद्र सरकार का यह सपना विभागीय अधिकारियों की इच्छाशक्ति के अभाव में आज भी अधूरा पड़ा हुआ है। क्षेत्र भ्रमण के दौरान विधायक रामकुमार टोप्पो ने ग्राम उलकिया गुतुरमा बेलगांव में जलजीवन मिशन के तहत चल रहे निर्माणाधीन कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आधे अधूरे कार्यों की बदहाल स्थिति देख उन्होंने नाराजगी जाहिर की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को इस बदहाल स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हुए अपनी फटकार लगाई। विधायक ने इस योजना को लेकर 30 नवंबर तक डेडलाइन तय करते हुए कहा कि निर्धारित समय सीमा तक लोगों को इस योजना का लाभ मिलना शुरू हो जाना चाहिए इसमें अब कोई लेट लतीफी या किसी तरह की बहानेबाजी नही चलेगी।अगर ऐसा हुआ तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कार्यवाही तय है।

इस संबंध में विधायक रामकुमार टोप्पो ने कहा कि केंद्र सरकार देश की जनता के लिए कई जनकल्याणकारी योजना चला रही है। जिसमें से एक जल जीवन मिशन योजना है। इसका उद्देश्य हर घर शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है ताकि लोगों को दूषित संक्रमित और गंदे पानी एवं इससे होने वाली जानलेवा बीमारियों से छुटकारा मिल सके। मैंने हर घर जल पहुंचाने की एक समय सीमा तय कर दी है अगर समय सीमा में यह कार्य पूरा नहीं हुआ तो संबंधित अधिकारियों को बख्शा नहीं जायेगा।

## पीईकेबी फुटबॉल प्रतियोगिता का शुभारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

लगातार नौ वर्षों से आयोजित हो रही जिला स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता का उद्घाटन इस वर्ष भी परसा ग्राम में बड़े उत्साह के साथ किया गया। यह टूर्नामेंट 2015 से निरंतर आयोजित हो रहा है। इस बार 11 दिनों तक चलने वाली प्रतियोगिता में 9 जिलों के 24 गांवों से कुल 360 खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और झारखंड राज्यों का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं। इसके अलावा कुछ विदेशी खिलाड़ी के भी सेमीफाइनल और फाइनल के दौरान भाग लेने की संभावना है।

- तीन राज्य के 360 खिलाड़ी ले रहे भाग



ग्राम पंचायत परसा एवं आदर्श टाइगर यूथ क्लब की सहभागिता से आयोजित की जा रही है। इसका उद्देश्य ग्रामीण खेलों को बढ़ावा देना, युवाओं को खेलों से जोड़ना और स्थानीय प्रतिभाओं को मंच प्रदान करना है। प्रतियोगिता में परसा ए और बी, घाटबर्रा, साल्ही, वृंदावन, जगन्नाथपुर क्लब, दादा भाई बैकुंठपुर, स्टार क्लब लखनपुर, चर्चा कॉलोनी बैकुंठपुर, चंदन नगर, रेबल पैंथर लुण्ड्रा, गिनाबहार जशपुर, वीरपुर, यूनाइटेड इलेवन अंबिकापुर, ग्राम दुग्गा शिवनगर, एमएस वैढन, सीवी रमन बिलासपुर, एटीके रायपुर, शक्ति एकेडमी कोरबा, हिरवा क्लब सिंगरौली, रामा रायपुर, डीसी कोटमा और गुटुरमा की टीम ने भाग लिया है। प्रतियोगिता के रेफरी के रूप में रूपेश कुमार सिंह, श्याम नारायण पैकरा, रविंद्र राजवाड़े और लव कुमार अपनी सेवाएं दे रहे हैं। खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से मैन ऑफ द मैच, बेस्ट स्कोरर, बेस्ट गोलकीपर और प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट जैसे विशेष पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रथम विजेता टीम को 61 हजार नगद, उप विजेता को 41 हजार नगद तथा ट्रॉफी देकर सम्मानित किया जाएगा। पहला मैच घाटबर्रा और गुटुरमा के बीच हुआ, जिसमें गुटुरमा ने पेनल्टी के माध्यम से 1-0 से जीत दर्ज की। मैन ऑफ द मैच अमोल टोप्पो रहे। दूसरा मैच साल्ही और चंदन नगर के बीच हुआ, जिसमें साल्ही ने 4-3 से जीत हासिल की।

इस दौरान सिद्धार्थ बाबा, ओम प्रकाश पैकरा, श्रीमती रैमुनिया करियाम, मुन्ना सिंह पैकरा, श्रवण वरकड़े, श्रीमती तुलसी उईके, विजय करियाम, पाल, अदाणी इंटरप्राइजेज के क्लस्टर हेड मुकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में खेल प्रेमी मौजूद रहे।

### कोल कर्मियों के संडे ड्यूटी आबंटन को लेकर एसईसी एल प्रबंधन ने जेसीसी की बैठक बुलाई

**बिश्रामपुर।** गत पांच अक्टूबर को आमगांव खदान में संडे ड्यूटी विवाद को लेकर खदानकर्मियों द्वारा पांचों यूनियन की अगुवाई में एक दिनी कार्य बहिष्कार होने के बाद कम्पनी प्रबंधन ने मंगलवार को क्षेत्रीय संयुक्त सलाहकार समिति की बैठक बुलाई, इसमें सभी यूनियन के जेसीसी सदस्यों के समक्ष प्रबंधन ने अपनी बातों को रखा और कहा कि क्षेत्र की कोयला उत्पादन की स्थिति अच्छी नहीं है,भूमि विवाद के कारण दोनों ओपन कास्ट खदाने लगभग बंद पड़ी है,उत्पादन के हिसाब से ही क्षेत्र को संडे पीएच का सालाना बजट आबंटन कंपनी मुख्यालय से प्राप्त होता है,इस वर्ष 25 करोड़ रुपये का बजट कम्पनी मुख्यालय से प्राप्त हुआ है जिसमें अब तक 17 करोड़ के ऊपर खर्च हो चुके हैं और अभी वित्तीय वर्ष पूर्ण होने के छह माह बाकी हैं,ऐसे में बजट राशि सहित खदान में मैन पॉवर की आवश्यकता को ध्यान में रखकर संडे ड्यूटी का वितरण प्रबंधन कर रही है,प्रबंधन की तरफ से क्षेत्रीय महाप्रबंधक ने समिति के सदस्यों से कहा कि कंपनी मुख्यालय से संडे पीएच के बजट को अतिरिक्त बढ़ाने के लिए यूनियन स्तर पर प्रयास करें तब उनकी मांग पूरी हो सकती है,जीएम डॉ संजय सिंह ने बैठक में उपस्थित खदान के अधिकारियों को कहा कि संतुलन और सामंजस्य बनाने के लिए प्रयास करें और खदान के सभी कर्मियों को संडे ड्यूटी का लाभ मिले इसके लिए सभी कर्मियों को बारी बारी से संडे ड्यूटी का रोस्टर के हिसाब से वितरण करें,उन्होंने कहा कि सभी को संडे ड्यूटी देना संभव नहीं है,बैठक में क्षेत्रीय महाप्रबंधक के अतिरिक्त महाप्रबंधक संचालन जी के रॉय, क्षेत्रीय प्रबंधक मानव संसाधन एसकेपी शिंदे,सब एरिया मैनेजर विजय कुमार सहित सभी पांचों यूनियनों के संयुक्त सलाहकार समिति के सदस्य इस दौरान उपस्थित रहे।

- रोस्टर बदलने के अनुसार कर्मियों को सीमित सन्डे पीएच की हाजिरी देने का महाप्रबंधक ने दिया निर्देश

### नाई समाज ने मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

**रामचंद्रपुर।** नाई समाज के प्रतिनिधिमंडल ने मुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौंप अपनी मांगों एवं समस्याओं से अवगत कराया है। प्रतिनिधियों ने बताया कि नाई समाज के लोग परम्परागत रूप से सैलून व्यवसाय से जुड़े हैं जो समाज के लोगों की आजीविका के साथ ही उनकी सांस्कृतिक पहचान है। सैलून व्यवसाय को प्रदेशस्तर पर नाई समाज के लिए आरक्षित करने पर उनकी पारंपरिक जीविका सुरक्षित रहेगी। सैलून की आड़ में चल रहे स्पा सेंटरों में असामाजिक गतिविधियों की जांच कराई जाए। इसके लिए आवश्यक कानून भी बनाया जाए। केश शिल्पी कल्याण बोर्ड द्वारा आज पर्यंत समाज के लोगों को कोई लाभ नहीं दिया गया है। योजनाओं का लाभ समाज के लोगों को मिले इसके लिए विशेष पहल की आवश्यकता है। शासन द्वारा शासकीय स्तर पर होने वाली हेडमेन सहित अन्य पदों पर समाज के लोगों को प्राथमिकता देने सेन समाज के अध्यक्ष सेन महाराज की जयंती पर अवकाश घोषित करने की मांग की गई है। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के पदाधिकारी उपस्थित थे।




### विश्वकर्मा समाज के युवक-युवती सम्मलेन में जुटे युवा

**अम्बिकापुर।** पंडित दीनदयाल ऑडिटोरियम रायपुर में विश्वकर्मा मनु कल्याण संघ द्वारा रविवार को युवक-युवती परिचय उपमुख्यमंत्री अरूण साव, विधायक पुरंदर मिश्रा, श्री मोतीलाल साहू, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष आरएस विश्वकर्मा, लौहकर बोर्ड के अध्यक्ष प्रफुल विश्वकर्मा एवं अशोक बजाज एवं माणिक लाल विश्वकर्मा के आतिथ्य में आयोजित किया गया। समाज के युवा-युवतियों ने अपनी योग्य और पारिवारिक स्थिति की जानकारी दी। सम्मेलन में संरक्षक राजेश विश्वकर्मा, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष एसएन वर्मा, उपाध्यक्ष नवल किशोर शर्मा, संयुक्त मंत्री हरिलाल शर्मा, मंत्री शेषनाथ शर्मा सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



## भांडी में स्वास्थ्य विभाग की टीम कर रही सतत निगरानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैयाथान

ग्राम भांड़ी में बीते दिनों उल्टी-दस्त की समस्या के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम लगातार निगरानी कर रही है। ग्राम भाड़ी के जूनापारा, कंवरपारा और रजबहर में गुरूवार से डोर-टू-डोर सर्वे किया जा रहा है। सर्वे के दौरान मंगलवार को एक नया मरीज पाया गया है, जबकि पुराने सभी मरीजों का उपचार जारी है और सभी स्वस्थ है।

- डोर टू डोर सर्वे में मिला सर्दी-जुकाम का नया मरीज





लगातार किए जा रहे सर्वे में एक सर्दी-जुकाम का मरीज मिला हैं। इस बीच स्वास्थ्य अमले द्वारा सभी पानी टंकियों की सफाई ब्लीचिंग पाउडर से की गई है तथा शेष जल स्त्रोतों को भी क्लोरीन से उपचारित किया गया है। बीते सोमवार को खंड चिकित्सा अधिकारी की उपस्थिति में जिला स्तरीय टीम ने ग्राम भांड़ी के विभिन्न जल स्त्रोतों का निरीक्षण किया और दस्त से ग्रसित मरीजों के स्टूल सैंपल लेकर जिला अस्पताल की प्रयोगशाला भेजा। सरपंच की उपस्थिति में ग्रामीणों को पानी उबालकर पीने, भोजन एवं पेयजल का स्वच्छ रखरखाव करने के लिए जागरूक किया गया है वहीं मितानिनों के माध्यम से गांव में लगातार घर-घर सर्वे अभियान चलाया जा रहा है ताकि बीमारी पर पूरी तरह नियंत्रण पाया जा सके। स्वास्थ्य अधिकारी ने बताया कि गांव में स्थिति नियंत्रण में है और सतत निगरानी कर नए प्रकरण पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है।

## लोक कला मंचन केदमा दशहरा की गौरवशाली परंपरा : हर्ष

**अम्बिकापुर।** केदमा दशहरे में विशाल नाटक प्रतियोगिता ,रावण दहन एवं भव्य आतिशबाजी सदैव आकर्षण का केंद्र बिंदु रही है ! 3 तीन हजार की जनसंख्या वाले ग्राम में 30 हजार से अधिक श्रद्धालुओं की उपस्थिति लोक कला एवं सनातन धर्म के प्रति लोगों की आस्था और श्रद्धा का प्रगटीकरण ही है ! रायगढ़ कोरबा एवं सरगुजा से आमंत्रित विभिन्न नाटक मंडलियों द्वारा रामायण महाभारत एवं धार्मिक कथाओं के विभिन्न कथानकों का सरगुजा एवं छत्तीसगढ़ी भाषा में लोक मंचन केदमा दशहरे को सरगुजा जिले में अतिरिक्त विशिष्टता प्रदान करता है। विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष के आतिथ्य दुर्गा पूजा समिति अध्यक्ष सज्जू सिंह की अध्यक्षता में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

- विशाल जन समूह के बीच हुआ 40 फ़ीट उचे रावण का दहन

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विनोद हर्ष ने कहा कि सनातन संस्कृति का लोक कला के माध्यम से सजीव मंचन केदमा दशहरा की गौरवशाली परंपरा को सदैव अलंकृत करते आया है आदिवासी समाज की व्यापक सहभागिता जातिवाद का गंदा खेल खेलने वालों के मुंह पर करारा तमाचा है विधायक प्रतिनिधि रवि अग्रवाल ने मंच से घोषणा करते हुए कहा कि अगले वर्ष दशहरा में



नाटक मंडलियों के प्रोत्साहन एवं भव्य आतिशबाजी के लिए अतिरिक्त आर्थिक प्रबंधन किया जाएगा। वरिष्ठ नागरिक अरविंद अग्रवाल ने दशहरा के कार्यक्रम को ऐतिहासिक निरूपित करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन हमारी संस्कृति और धार्मिक मान्यताओं को मजबूत करने में प्रमुख भूमिका निभाते हैं कार्यक्रम को दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष सज्जू सिंह मंडल अध्यक्ष अखंड विधायक जनपद अध्यक्ष ओम प्रकाश सिंह पूर्व समिति अध्यक्ष रामलाल सिंह ने भी संबोधित किया कार्यक्रम का संचालन महेश्वर पैंकरा एवं आभार प्रदर्शन सुनील अग्रवाल ने किया। अतिथियों द्वारा रावण दहन करने के पश्चात समिति द्वारा भव्य एवं अलौकिक गगन चुंबी आतिशबाजी कर उपस्थित विशाल जन समूह में रोमांच पैदा कर दिया इस दौरान चल रही नाटक प्रतियोगिता के विभिन्न प्रतिभागी दलों से भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। इस दौरान प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार 51000 ढेंगुरडीह रायगढ़ द्वितीय पुरस्कार 35000 बूले सरगुजा तृतीय पुरस्कार 25000 अमलडीहा कोरवा को प्रदान किया गया आमंत्रित अतिथियों को समिति द्वारा स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान दिया।

इस अवसर पर राकेश अग्रवाल, राकेश साहू, कौला प्रसाद चौहान, रामगढ़ मंडल अध्यक्ष प्रबोध सिंह, बुद्ध मोहन सिंह, मूलचंद अग्रवाल, मनीष बंसल, अशोक बंसल, यशनाथ यादव, कलम सिंह, गिरीश बहादुर, संतोष मंझवार, राजेंद्र पैंकरा, करमसाय मंझवार, सोनसाय पटेल, सोमार साय, मांगेराम, राजेश पैंकरा, मोहनलाल पटेल, उमाशंकर मिश्रा, सुखदेव यादव, अनूप विश्वास, दीनानाथ यादव, अशोक बाबा, साहिल पैंकरा, मनीष यादव, मोती यादव, घुरदास, मनबहाल, स्वयंवर यादव, बहाल राम, गंभीर पैंकरा सहित दुर्गा पूजा समिति के पदाधिकारी कार्यकर्ता एवं विशाल संख्या में दर्शक गण उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप



### अपनी बोली में होती है सभ्यता एवं संस्कृति की मिठास

**अम्बिकापुर।** डाइट में संभाग स्तरीय बहुभाषा का तीन दिवसीय मास्टर ट्रेनर प्रशिक्षण सोमवार को प्रारंभ किया गया। प्रशिक्षण में संभागभर के 32 विकासखण्डों के 2-2 शिक्षक उपस्थित हुए। प्रशिक्षण की शुरूआत करते हुए एसआरटीसी के अतिरिक्त संचालक जेपी रथ ने कहा कि अपनी स्थानीय बोली एवं भाषा में अपनी सभ्यता एवं संस्कृति की मिठास विद्यमान होती है जो मानवीय भावों को भावपूर्ण ढंग से व्यक्त करती है। नई पीढ़ी का स्थानीय बोली भाषा से विमुख होना चिंता का विषय है। एलएलएफ के राष्ट्रीय सलाहकार डॉ.महेन्द्र मिश्र ने विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों से मातृभाषा में बातचीत करने पर जोर दिया तथा छ.ग. में बोली जाने वाली बोली और भाषा पर राज्य सरकार द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में बताया। उन्होंने पूरी दुनिया की बोली-भाषाओं के आंकड़े प्रस्तुत किए। संयुक्त संचालक शिक्षा संजय गुप्ता ने उपस्थित शिक्षकों को राज्य सरकार की मंशा के अनुरूप विद्यालयों में बच्चों से मातृभाषा में संवाद करने पर बल दिया। प्रथम दिवस सुशील राठौर, डेकेश्वर वर्मा एवं संजय गुलाटी ने बहुभाषा, घर की भाषा, बच्चों का विद्यालय न आना, स्कूल एवं समुदाय के संबंध, राष्ट्रीय दस्तावेज और बहुभाषा के संबंध में प्रशिक्षण दिया। सरगुजिहा साहित्यकार डॉ.सुधीर पाठक, एसपी जायसवाल, रंजीत सारथी एवं अजय चतुर्वेदी ने सरगुजिहा भाषा की महत्ता पर प्रकाश डाला। इस दौरान प्रभारी प्राचार्य ओंकारनाथ तिवारी, डीके राय, लालचंद सिंह, सुरेश सारथी, एसपी पैकरा, अशोक पाण्डेय, श्रीमती मीना शुक्ला, पूनम सिंह, श्रद्धा तिग्गा, तारामणी यादव, तनवी सिंह, अंजू पाण्डेय, लक्ष्मी सिंह, अर्चना सिंह उपस्थित थे।

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़सरा में किया गया सामाजिक अंकेक्षण



**भैयाथान।** मुख्यमंत्री शिक्षा गुणवत्ता अभियान के तहत शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़सरा में आज सामाजिक अंकेक्षण कार्य आयोजित किया गया। सामाजिक अंकेक्षण करने पहुंचे व्याख्याता चंद्रशेखर कुशवाहा ने विद्यालय की शिक्षण व्यवस्था, विद्यार्थियों की उपस्थिति, पठन-पाठन की गुणवत्ता एवं विद्यालय के संसाधनों का अवलोकन भाजपा मंडल अध्यक्ष सुनील साहू, सोनू जायसवाल, एसएमडीसी अध्यक्ष शिवकुमार पाण्डेय, सांसद प्रतिनिधि मनीष यादव, रमेश यादव सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं सामाजिक कार्यकर्ता की मौजूदगी में किया। विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य एसके पांडेय और शिक्षकों की टीम ने विद्यालय की गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों से भी शिक्षण गुणवत्ता और आवश्यकताओं को लेकर संवाद किया गया। श्री कुशवाहा ने अभियान का उद्देश्य शिक्षा की गुणवत्ता को बेहतर बनाना एवं समाज की सहभागिता के माध्यम से विद्यालयों के सर्वांगीण विकास को बढ़ाना है। इधर छात्रों ने शौचालय मरम्मत कराए जाने की मांग रखी। छात्रों ने बताया कि हायर सेकेंडरी स्कूल बड़सरा का शौचालय जर्जर अवस्था में पहुंच गया है, जो अब उपयोग लायक नहीं बचा है। इस समस्या को लेकर छात्रों ने स्कूल प्रबंधन से शिकायत दर्ज कराते हुए जल्द मरम्मत की मांग की है।

### नाबालिग वाहन चालकों के खिलाफ चलाया गया अभियान, लगा 32 हजार का जुर्माना

**अंबिकापुर।** स्कूली बच्चों द्वारा बाइक, स्कूटी चलाने को लेकर सरगुजा पुलिस ने अभियान चलाया है। पुलिस ने शिक्षण संस्थान के आस पास नाबालिग वाहन चालकों समझाइश दी। इसके साथ ही पुलिस ने 32 वाहन चालाकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की है। बता दें कि शहर के व्यस्ततम सड़कों सहित शिक्षण संस्थाओ के आस पास के सड़को में दुर्घटनाओं में कमी लाने एवं यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन किए जाने एसएसपी राजेश कुमार अग्रवाल ने कार्रवाई के निर्देश दिए थे। एसएसपी के निर्देश यातायात पुलिस टीम ने मंगलवार को रामानुजगंज रोड एवं प्रतापपुर रोड के मध्य स्थित शिक्षण संस्था के पास बेतरतीब ढंग से खड़े वाहनों एवं नाबालिगों द्वारा दोपहिया वाहन चलाने पर सख्ती से चालानी कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने शिक्षण संस्था के आस पास यातायात व्यवस्था के सम्बन्ध में स्कूल प्रबंधन से चर्चा की गई एवं नाबालिक बच्चों को स्कूल में दुपहिया वाहन ना लाने हेतु निर्देशित किया गया, संस्था प्रमुख को परिसर के बाहर एवं सामने वाहन खड़ा ना करवाने हेतु निर्देश दिए गए। इस दौरान मुख्य मार्ग पर बेतरतीब ढंग से खड़े 32 दोपहिया वाहनों के खिलाफ 32 हजार रुपए का जुर्माना लगाया। पुलिस ने अभिभावकों से आह्वान किया है कि नाबालिग बच्चों को दो पहिया वाहन चलाने ना दें और नियमों का पालन करे। इस दौरान यातायात प्रभारी विजय कैवर्त, सउनि सीपी सिंह, सीपी केरकट्टा, आरक्षक आलोक गुप्ता, विनोद राजवाड़े, राम प्रताप राजवाड़े, कुंजलाल सोरी, तुलेश कुमार, दिनय सिंह, सैनिक विजय साहू, संदीप लकड़ा सक्रिय रहे।

### हैण्डपंप से निकल रहा लाल रंग का पानी

# बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीण रेड़िया नदी का गंदा पानी पीने मजबूर



रेड़िया नदी से पानी भरते ग्रामीण।



पानी लेकर घर लौटती महिलाए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/बिहारपुर

मूलभूत सुविधाओं के अभाव में अपना घरबार छोड़कर बलियारी जंगल को बसेरा बनाने वाले ग्राम तेलाईपाट के ग्रामीणों की समस्याएं कम होने का नाम नहीं ले रही है। ग्रामीणों की सुविधा के लिए कुछ महीने पूर्व लगाए गए हैण्डपंप से लाल रंग का पानी निकलने के कारण ग्रामीण फिर से नदी का पानी पीने मजबूर हो गए है।

**खास बात**

- रंगीन पानी से बन रही काली दाल, दांत हो रहे काले

सूरजपुर जिलान्तर्गत विकासखण्ड ओड़गी अंतर्गत गुरूघासी दास टाइगर रिजर्व क्षेत्र में पहाड़ी स्थित ग्राम तेलाइपाट के पण्डो समुदाय के ग्रामीणों ने तीन-चार वर्ष पूर्व पास के बलियारी जंगल को अपना ठिकाना बना लिया था। तेलाईपाट बस्ती में पेयजल, बिजली, स्वास्थ्य एवं सड़क सुविधा के अभाव में कई पुश्ते गुजारने के बाद ग्रामीणों ने कहीं दूसरी जगह बस्ती बसाने का निर्णय लिया। प्रारंभ में गुरू घासीदास नेशनल पार्क में बसने की कोशिश की लेकिन वन अधिकारियों की सख्ती के बाद ग्रामीणों ने बलियारी जंगल में रेडिया नदी के किनारे अपनी बस्ती तैयार कर ली। कुछ दिनों बाद विपरीत परिस्थितियों में जीवन यापन कर रहे तेलाईपाट में निवासरत पण्डो समुदाय के लोग भी परिवार सहित जंगल में पहुंच गए। मूलभूत सुविधाओं के अभाव में गांव छोड़ने की बात सामने आने पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधि व अधिकारी सक्रिय हुए। संरक्षित वन क्षेत्र होने के कारण तेलाईपाट में सड़क तो नहीं बन सकी लेकिन प्रशासन द्वारा तत्काल पहाड़ी पर तीन हैण्डपंप एवं सोलर पंप खनन कराया गया। हालांकि प्रशासन की कोशिशों के बावजूद पर्याप्त पानी उपलब्ध नहीं हो सका है। इधर बलियारी जंगल में निवासरत ग्रामीणों की सुविधा के लिए भी हैण्डपंप लगवाया गया लेकिन पिछले तीन महीने से हैण्डपंप से लाल पानी निकल रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि हैण्डपंप का पानी पीने से दांत काले हो गए हैं वहीं बर्तनों का रंग पीला हो गया है। पकी दाल का रंग स्वतः काला हो जाता है। पानी का स्वाद भी बदल गया है। ऐसे में ग्रामीण हैण्डपंप के पानी का उपयोग बंद कर दिए हैं तथा रेडिया नदी का पानी उपयोग कर रहे हैं। इस संबंध में ग्राम पंचायत रामगढ़ के उपसरपंच मोहरसाय पंडो ने बताया कि हैण्डपंप से लाल पानी निकलने एवं भोजन का रंग बदलने के कारण ग्रामीण नदी के पानी का उपयोग कर रहे है। यह पानी स्वास्थ्य के लिए खतरनाक हो सकता है।

#### वनभूमि में बन गए मकान

प्रारंभ में पेड़ों के सहारे प्लास्टिक पन्नी तान कर जंगल में निवास करने वाले ग्रामीणों ने अब वनभूमि में मिट्टी के मकान बना लिए हैं साथ ही खाली पड़ी वनभूमि में खेती भी कर रहे हैं। वन अधिकारियों ने कई बार इनका अवैध अतिक्रमण हटाने की भी कोशिश की लेकिन सफलता नहीं मिली। अब समुदाय के लोगों ने बलियारी जंगल में ही अपनी बस्ती तैयार कर ली है। जंगल में निवासरत ग्रामीणों का घर व खेती तेलाईपाट में भी है। ग्रामीण बरसात के मौसम में अपने गांव में भी खेती करते हैं।

#### गांवों का होगा विस्थापन

ओड़गी ब्लॉक अंतर्गत गुरू घासीदास टाइगर रिजर्व क्षेत्र में आधा दर्जन गांव है। टाइगर रिजर्व बनने के बाद इन गांवों का विस्थापन होना भी तय है। टाइगर रिजर्व क्षेत्र में ग्रामीणों की आबादी न तो वन्य जीवों के लिए ठीक है न ही निवासरत ग्रामीणों के लिए ही अनुकूल। क्षेत्र में हिंसक वन्य जीवों के खाल की तस्करी करने के कई मामले सामने आ चुके है। वन विभाग ने पूर्व में ऐसे गांवों का सर्वे भी कराया था। टाइगर रिजर्व में बसे ग्राम रसौकी, मुण्डा, तेलाईपाट, लुल्ह-बैजनपाट एवं जुड़वनिया के विस्थापन की चर्चा लंबे समय से चल रही है।

#### कराएंगे पानी की जांच

हैंडपंप के पानी की जांच कराई जाएगी तथा जांच रिपोर्ट के अनुसार आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

-अविनाश मिंज
एसडीओ, पीएचई

### नवा बिहान अभियान के सदस्यों ने आईजी से की मुलाकात

**अम्बिकापुर।** नवा बिहान नशामुक्ति जागरूकता अभियान एवं परामर्श केंद्र के संयोजक मंगल पांडेय के नेतृत्व में अभियान के वरिष्ठ सदस्य एवं काउंसलर अजय तिवारी, संतोष दास सरल ने आईजी दीपक कुमार झा से सौजन्य मुलाकात कर अभियान एवं परामर्श केंद्र द्वारा संचालित गतिविधियों से अवगत कराया। आईजी श्री झा ने कहा स्वैच्छिक संगठनों द्वारा किया जा रहा प्रयास एक अभिनव पहल है। मंगल पाण्डेय ने कहा कि वर्तमान समय में युवा विभिन्न आपराधिक प्रवृत्तियों में लिप्त हो रहे हैं जो चिंता का विषय है। संतोष दास ने बालिकाओं की आत्मरक्षा हेतु ताइक्वांडो प्रशिक्षण देने का सुझाव दिया। वरिष्ठ समाजसेवी अजय तिवारी ने छात्र-छात्राओं एवं युवाओं में सोशल पैरेन्टिंग के अभाव में उनके दिशाहीन होने एवं इस संबंध में सकारात्मक पहल करने का सुझाव दिया। आईजी श्री झा ने सुझावों को गंभीरता से सुना तथा इस दिशा में हस्तक्षेप करने का आश्वासन दिया।



### नगर पंचायत की पीआईसी बैठक में विकास कार्य कराने लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय



**बिश्रामपुर।** नगर पंचायत बिश्रामपुर में आज मंगलवार को पीआईसी की बैठक आहूत की गई, बैठक में विभिन्न निर्माण कार्यों को समय पर पूर्ण कराने व कार्य को पूर्ण नहीं किए जाने पर ठेकेदारों को ब्लैक लिस्टेड किए जाने की चर्चा कर प्रस्ताव पारित किया गया, गौरतलब है कि मंगलवार को नगर पंचायत बिश्रामपुर में पीआईसी की बैठक नपं अध्यक्ष निर्मला यादव की अध्यक्षता में आयोजित हुई जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जीएसटी 2.0 में कटौती के लिए धन्यवाद ज्ञापित करने का भी प्रस्ताव पारित किया, इसी तरह वार्ड नंबर 13 में शेड निर्माण कार्य, क्षत्रिय भवन में शेड निर्माण कार्य, गायत्री मंदिर प्रांगण में स्थित छठ घाट के सौंदर्यीकरण का रिवाइज स्टीमेट तैयार करने, गायत्री मंदिर के समीप सीसीकरण कार्य कराने, छठ घाट तालाब में फाउंटेन एवं झरना निर्माण कार्य, पासिंग नाला के समीप स्वागत द्वार निर्माण कराए जाने संबंधी प्रस्ताव भी पारित किए गए हैं, बैठक में स्वीकृत निर्माण कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय पर कार्य पूर्ण करने ठेकेदारों को हिदायत दी गई, इसके अलावा बिश्रामपुर-भटगांव मुख्य मार्ग पर कोल परिवहन कार्य में लगी भारी वाहनों से सड़क पर कोयला व गंदगी गिरने से सड़क की दुर्दशा के अलावा लोगों के जान माल की खतरा पर रोक लगवाने हेतु, वार्डों में जगह-जगह प्रतिमा स्थापित कराए जाने, आवश्यकतानुसार यूरिनल निर्माण कराने, ज्ञान स्थली योजनान्तर्गत ग्लोब स्कूल और नगर पंचायत परिसर स्थित विद्यालय में अतिरिक्त भवन निर्माण कार्य कराने भी प्रस्ताव पारित किए गए हैं, इस दौरान नगर पंचायत बिश्रामपुर उपाध्यक्ष दीपेंद्र सिंह चौहान, पीआईसी मेंबर विनोद सरवटे, अर्चना लकड़ा, माधुरी मंडल के अलावा अरविंद यादव, रंदीप कुमार व अन्य उपस्थित थे।

### समय सीमा की बैठक में आदि कर्मयोगी योजना को लेकर की गई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कलेक्टर एस जयवर्धन की अध्यक्षता में आयोजित समय सीमा की बैठक में आदि कर्मयोगी अंतर्गत तैयार किये जा रहे विलेज एक्शन प्लान पर वृहद चर्चा की गई। कलेक्टर ने गांव की मूलभूत आवश्यकताओं को चिन्हित कर समावेशी प्लान निर्धारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा 2030 तक एक्शन प्लान के तहत कार्य किया जाना है।

- कलेक्टर ने गांव की मूलभूत आवश्यकताओं को चिन्हित कर समावेशी प्लान बनाने दिए निर्देश

इसलिए कार्य योजना में ग्राम विकास की सभी बुनियादी बातों का समावेश हो। ग्राम सभा के अनुमोदन उपरांत प्रस्तावों को आदिम जाति विभाग के माध्यम से राज्य एवं केंद्र सरकार को भेजा जायेगा। उन्होंने आदि कर्मयोगी के तहत होने वाले कार्य की अद्यतन जानकारी ऑफिशियल पोर्टल में निर्धारित समय सीमा में एंट्री कराने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने प्रधानमंत्री सूर्यघर योजना की अद्यतन स्थिति की जानकारी ली तथा योजना का प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने बिजली विभाग के अधिकारी, नपं सीएमओ, सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने वाले वेण्डर, चेम्बर ऑफ कॉमर्स व बैंकर्स के साथ एक संयुक्त बैठक करने निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा की तथा प्राप्त आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला पंचायत सीईओ विजेन्द्र सिंह पाटले, संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा व अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

### युवक की टांगी से वार कर हत्या, आरोपी गिरफ्तार

**धौरपुर।** पत्नी को भगाने की शंका पर अपने ही रिश्तेदार की टांगी से हत्या करने के मामले में पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी से घटना में प्रयुक्त टांगी जब्त किया है। बता दें कि जशपुर जिले के बगीचा पंडरापाठ तीनपाठ निवासी 28 वर्षीय रतनु कोरवा आ. विपता कोरवा पत्नी सुंदरी बाई और बच्चों के साथ बड़े पिता के घर धौरपुर भेड़ियि बथानपारा में मेहमानी करने के लिए आया हुआ था। युवक पत्नी व बच्चों के साथ खाना खाकर परछी में सो रहा था। इसी दौरान युवक के मामा का लकड़ा मोहर साय घर में घुस आया। इस दौरान आरोपी मोहरसाय ने कहा कि को तुम्हारे भाई के साथ मेरी पत्नी को भगवाए हो। इसी शंका के आधार पर आरोपी रतनु को पड़कर खींचते हुए घर से बाहर निकाला और अपने पास रखे टांगी से उसके सिर पर वार किया जिससे वह गंभीर रूप से घायल होकर जमीन पर गिर गया। बीच बचाव करने आई युवक की पत्नी को भी धक्का देकर गिरा दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भाग निकला। इस घटना की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया जबकि आरोपी धौरपुर जटासेमर निवासी 24 वर्षीय मोहर साय आ. संझिया को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया। पुलिस ने आरोपी को बीएनएस की धारा 103(1) के तहत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## एनएच 43 की जर्जर हालत पर पीएमओ में की गई शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

लंबे समय से कटनी-गुमला राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 43 की बदहाल स्थिति की शिकायत प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंच गई है, सड़क की दुर्दशा पर बिश्रामपुर कालोनी निवासी अंशुमन तिवारी की शिकायत के बाद अब विभाग ने संज्ञान लेते हुए 8.55 करोड़ रुपये की मरम्मत योजना स्वीकृत की है, गौरतलब है कि अम्बिकापुर से सिलफिली तक फैले राष्ट्रीय राजमार्ग 43 की हालत कई महीनों से बेहद खराब है।

- अब साढ़े आठ करोड़ रुपये की लागत से विभाग कराएगा शॉर्ट टर्म मेन्टेनेंस कार्य
- शिकायत पश्चात सूरजपुर कलेक्टर ने मांगी रिपोर्ट, हरकत में आया एनएच विभाग



कई जगह बड़े-बड़े गड्ढे, उखड़ी हुई डामर सतह और लगातार हो रहे हादसे इस मार्ग पर आम हो गए हैं, आवेदक अंशुमन तिवारी ने इस गंभीर स्थिति की शिकायत पीजी पोर्टल के माध्यम से प्रधानमंत्री कार्यालय तक पहुंचाई है, इस पर सूरजपुर कलेक्टर ने लोक निर्माण विभाग राष्ट्रीय राजमार्ग संभाग, अम्बिकापुर से रिपोर्ट तलब की, जवाब में कार्यपालन अभियंता ने स्पष्ट किया कि वर्तमान में मार्ग की देखरेख के लिए राज्य या केंद्र से कोई विशेष राशि आबंटित नहीं की गई है, फिर भी विभागीय स्तर पर अस्थायी मरम्मत और संधारण का कार्य लगातार किया जा रहा है, हालांकि इस वर्ष हुई अत्यधिक वर्षा और भारी वाहनों की आवाजाही के चलते सड़क बार-बार क्षतिग्रस्त हो रही है, अब केंद्र सरकार की नई योजना के तहत राष्ट्रीय राजमार्ग 43 के 7 प्रमुख हिस्सों और एनएच 130 के एक हिस्से पर शॉर्ट टर्म मेंटेनेंस के लिए कुल 855.32 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की गई है, मरम्मत कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया 26 सितंबर 2025 को खोलने की प्रक्रिया की गई है, जिसके बाद अब जल्द ही अम्बिकापुर, सिलफिली, सीतापुर, पत्थलगांव, लुडेग, कांसाबेल और कुनकुरी शहरी क्षेत्रों के बीच सड़क मरम्मत का काम शुरू होगा।



### केनापारा में हुआ चौरा म गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

नौ दिनों तक मातारानी की विधिवत पूजा अर्चना उपरांत आज छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम का आनंद ग्रामीण ले रहे हैं, मां समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण में विधिवत पूजा अर्चना की प्रक्रिया उपरांत आप सभी के मनोरंजन की व्यवस्था मंदिर समिति द्वारा की गई है, सांस्कृतिक कार्यक्रम उपरांत आप सभी अलग अलग टीम बनाकर यहां मंदिर प्रांगण की सफाई कार्य भी जरूर करें, जिससे यहां आने वाले भक्तों को किसी तरह की परेशानी न उठानी पड़े, स्वच्छता अभियान की जिम्मेदारी हम सभी की है, उक्त बातें कैबिनेट मंत्री व भटगांव विधायक लक्ष्मी राजवाड़े ने सोमवार को ग्राम तेलईकछार केनापारा में समलेश्वरी महामाया मंदिर प्रांगण में आयोजित चौरा म गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम में मुख्य आतिथ्य के रूप में कही, मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने यहां पर मंदिर समिति के पदाधिकारियों की मांग पर मंदिर के जीर्णोद्धार हेतु दस लाख रुपए दिए जाने की घोषणा भी की है, कार्यक्रम में सर्वप्रथम मंदिर समिति द्वारा मुख्य अतिथि भटगांव विधायक व कैबिनेट मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े समेत भाजपा जिला उपाध्यक्ष देवधन राम बिंझिया, सूरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, तेलईकछार सरपंच अहिल्या देवी, जयनगर सरपंच राधा देवी, वेद प्रकाश मिश्र, मनी बग्गा, प्रवीण कुशवाहा, निज सहायक ओमप्रकाश राजवाड़े का स्वागत किया गया, चौरा म गोंदा सांस्कृतिक कार्यक्रम के कलाकारों द्वारा पूरी रात भरपूर मनोरंजन किया गया, कार्यक्रम में मंदिर समिति के संरक्षक राजकुमार गुप्ता, व्यवस्थापक निर्मल साहू, लवन राजवाड़े, रामपाल देवांगन, माखन अध्यक्ष अजय यादव, उपाध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, कोषाध्यक्ष जगदीश सिंह, कृष्णा गुप्ता, केपी साहू, बुधराम साहू, सियाराम राजवाड़े व अन्य उपस्थित थे।

### करमा तिहार हमारी सांस्कृतिक एकता और संस्कृति का प्रतीक : राजवाड़े

महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण मंत्री श्रीमती लक्ष्मी राजवाड़े व सरगुजा सांसद चिंतामणि महराज के आतिथ्य में सोमवार को ग्राम गणेशपुर में करमा नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, मुख्य अतिथि मंत्री लक्ष्मी राजवाड़े ने कहा कि करमा तिहार हमारी सांस्कृतिक एकता और श्रम संस्कृति का प्रतीक है। उन्होंने कलाकारों की प्रस्तुतियों की सराहना करते हुए लोक परंपराओं को संरक्षित रखने का आह्वान किया। ज्ञात हो कि गणेशपुर पंचायत में करमा का आयोजन विजयदशमी के पर्व के अवसर पर कराया गया था, यहां पर क्षेत्र के विभिन्न नृतक दलों ने भाग लेकर आमजन का भरपूर मनोरंजन किया, इस दौरान सुरजपुर जनपद उपाध्यक्ष मनमत बछाड़, बीडीसी स्वामी राजवाड़े, अंकित दुबे, भोला सिंह, श्याम राजवाड़े, सोहन सिंह, सरपंच राम सुंदर व अन्य उपस्थित रहे।



***अम्बिकापुर।** जिले में अजा, अजजा और पिछड़ा वर्ग के जाति प्रमाण पत्रों को सत्यापन हेतु जिला स्तरीय जाति प्रमाण पत्र सत्यापन समिति का गठन किया गया था। समिति के अनुसूचित जाति वर्ग के सदस्य सहा. अनु.अधिकारी अंबिकापुर महेन्द्र खाण्डेकर को सहायक आयुक्त जिला मुंगेली पदस्थापना होने के फलस्वरूप आदिवासी विभाग के सहायक आयुक्त द्वारा कन्या महाविद्यालय अंबिकापुर की सहायक प्राध्यापिका श्रीमती ममता कुर्रे को आगामी आदेश पर्यन्त तक अनुसूचित जाति वर्ग हेतु जिला स्तरीय प्रमाण पत्र सत्यापन समिति में मनोनीत किया गया है।

डायबिटीज
के मरीजों के घावों की प्लास्टिक सर्जरी (स्कीन ग्राफ्टिंग) की विशेष सुविधा.



कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी एवं गंगा डायग्नोस्टिक्स के ऊपर, कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
Mobile 9827143060
Ajay Advt.

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

online Booking:-www.tripuryatra.com




स्पेशल ट्रेन से - 20 दिसंबर से 30 दिसंबर 2025 (11 दिन)
रामेश्वरम् धाम यात्रा
श्री रामेश्वरम् धाम ज्योतिर्लिंग, श्री तिरूपति बालाजी, श्री मल्लिकार्जुन ज्योतिर्लिंग, मदुरै श्री मीनाक्षीदेवी, श्री कन्याकुमारी,
राशि :- स्लीपर 16,500/-, 3 एसी-27,500/-, 2 एसी 32,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-9165 411411